वर्ष-10, अंक-29 पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुपये
TM
आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया
# आधुनिक समाचार
Adhunik Samachar
प्रयागराज मंगलवार, 02 अप्रैल, 2024
प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
Google Play Adhunik Samachar

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस में शामिल हुए विधायक कादियाम श्रीहरि और बेटी काव्या

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**हैदराबाद।** लोकसभा चुनाव से पहले तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति को बड़ा झटका लगा है। बीआरएस विधायक कादियाम श्रीहरि और उनकी बेटी कादियाम काव्या कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। 2024 लोकसभा चुनाव से पहले तेलंगाना में भारत राष्ट्र



समिति को बड़ा झटका लगा है। बीआरएस विधायक कादियाम श्रीहरि और उनकी बेटी कादियाम काव्या कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की मौजूदगी में विधायक कादियाम श्रीहरि और उनकी बेटी कादियाम काव्या कांग्रेस में शामिल हुए।तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की मौजूदगी में विधायक कादियाम श्रीहरि और उनकी बेटी कादियाम काव्या कांग्रेस में शामिल हुए। बता दें कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने विधायक कादियाम श्रीहरि की बेटी कादियाम काव्या को वारंगल लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतारा था। हालांकि, उन्होंने वहां से चुनाव लड़ने से मना कर दिया। उल्लेखनीय है कि कदियाम श्रीहरि लंबे समय तक तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) से जुड़े रहे। वह संयुक्त आंध्र प्रदेश में मंत्री रहे। 2013 में वह बीआरएस में शामिल हो गए थे। कदियाम श्रीहरि ने साल 2014 में वारंगल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था और उन्होंने जीत हासिल की थी। बाद में मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने उन्हें तेलंगाना का डिप्टी सीएम बनाया था और उन्हें शिक्षा मंत्री की जिम्मेदारी दी थी।

## चुनाव प्रचार के लिए अमित शाह 7 अप्रैल को जाएंगे त्रिपुरा, दो दिनों के दौरे पर चुनावी रैली को करेंगे संबोधित

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**अगरतला।** देश में लोकसभा चुनाव से पहले, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह चुनाव प्रचार के लिए पूर्वोत्तर राज्यों का दौरा करने के लिए तैयार हैं। चुनाव की घोषणा के बाद क्षेत्र में अभियान शुरू करने वाले वह पहले शीर्ष भाजपा नेता होंगे। लोकसभा चुनाव को लेकर पाटिर्यों ने अपनी कमर कस ली है। उम्मीदवारों की घोषणा हो या स्टार प्रचारकों की लिस्ट हो सभी पाटिर्यां एक-एक कर इसकी घोषणा कर रही है। इस बीच बीजेपी ने भी त्रिपुरा के लिए प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री शाह भी शामिल हैं। इसके तहत ही शाह चुनाव प्रचार के लिए पूर्वोत्तर राज्यों का दौरा करने के लिए तैयार हैं। भाजपा सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि गृह मंत्री शाह छह अप्रैल को अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम सियांग जिले के आलो में एक चुनावी रैली को संबोधित करेंगे और चुनाव संबंधी मामलों पर चर्चा के लिए



राज्य भाजपा नेताओं के साथ बैठक करेंगे। अरुणाचल प्रदेश का दौरा करने के बाद गृह मंत्री 7 अप्रैल को 2 दिवसीय चुनाव प्रचार के लिए त्रिपुरा पहुंचेंगे। वहां वह अगरतला में रोड शो करेंगे और चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। 8 अप्रैल को राज्य छोड़ने से पहले शाह राज्य के पार्टी नेताओं के साथ एक अहम बैठक करेंगे। बता दें कि त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने गुरुवार रात पार्टी नेताओं के साथ बैठक की, जिसमें उन्होंने राज्य में गृह मंत्री के आगामी दौरे पर चर्चा की। अमित शाह असम समेत अन्य पूर्वोत्तर राज्यों में बीजेपी के प्रचार अभियान में भी शामिल होंगे। गृह मंत्री के अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, शरबानंद सनवाल, पीयूष गोयल, अर्जुन मुंडा और हेमा मालिनी समेत कई केंद्रीय नेता और सांसद क्षेत्र में प्रचार के लिए पूर्वोत्तर राज्यों का दौरा कर सकते हैं। असम राज्य भाजपा के अनुसार, केंद्रीय गृह मंत्री काजीरंगा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लखीमपुर और होजई में दो चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे।

## महिला विरोधी कांग्रेस नेता के बयान पर भड़कीं साइना नेहवाल, सोशल मीडिया पर लिखी ये बात

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**बेंगलुरु।** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने शनिवार को दावणगेरे सीट से भाजपा उम्मीदवार गायत्री सिद्धेश्वर पर की गई महिला विरोधी टिप्पणी करने के लिए राज्य के वरिष्ठ कांग्रेस नेता शमनूर शिवशंकरप्पा की आलोचना की। दावणगेरे दक्षिण से 92 वर्षीय मौजूदा विधायक शिवशंकरप्पा ने कहा था कि गायत्री सिद्धेश्वर केवल रसोई में खाना बनाना ही जानती हैं। स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने शनिवार को दावणगेरे सीट से भाजपा उम्मीदवार गायत्री सिद्धेश्वर पर की गई महिला विरोधी टिप्पणी करने के लिए राज्य के वरिष्ठ कांग्रेस नेता शमनूर शिवशंकरप्पा की आलोचना की। दावणगेरे दक्षिण से 92 वर्षीय मौजूदा विधायक शिवशंकरप्पा ने कहा था कि गायत्री सिद्धेश्वर केवल रसोई में खाना बनाना ही जानती हैं। शिवशंकरप्पा के इस बयान पर राज्य में भाजपा पहले से ही आक्रामक है। शिवशंकरप्पा के इस बयान पर राज्य में भाजपा पहले से ही आक्रामक है। भाजपा ने उनसे महिलाओं का अपमान करने पर माफी मांगने को कहा है। बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि कर्नाटक के एक वरिष्ठ नेता



शमनूर शिवशंकरप्पा ने कहा है कि महिलाओं को रसोई तक ही सीमित रहना चाहिए। दावणगेरे से उम्मीदवार गायत्री सिद्धेश्वरा पर की गई इस टिप्पणी की कम से कम ऐसी पार्टी से उम्मीद नहीं की जा सकती जो कहते हैं कि लड़की हूं, लड़ सकती हूं। नेहवाल ने कहा कि जब देश में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ने की ख्वाहिश रखती हैं तो महिलाओं के खिलाफ इस तरह की द्वेषपूर्ण टिप्पणी परेशान करने वाली हैं। साइना नेहवाल ने लिखा है कि जब मैंने खेल के मैदान पर भारत के लिए पदक जीते तो कांग्रेस पार्टी मुझसे क्या चाहती थी, मुझे क्या करना चाहिए था? इस तरह क्यों कहा जा रहा है, जब सभी लड़कियां और महिलायें किसी भी क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करने का सपना देखती हैं। नेहवाल ने लिखा कि एक तरफ हम नारी शक्ति का वंदन कर रहे हैं। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिला आरक्षण विधेयक पारित किया गया है और दूसरी तरफ नारी शक्ति का अपमान और नारी का विरोध करने वाले लोग हैं। यह बहुत ही परेशान करने वाला है।गौरतलब है कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के दौरान कांग्रेस विधायक शिवशंकरप्पा ने भाजपा प्रत्याशी सिद्धेश्वरा की योग्यताओं पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि उनमें सार्वजनिक मुद्दों को प्रभावी ढंग से संबोधित करने की क्षमता नहीं है। वह सिर्फ रसोई में खाना ही बना सकती हैं। शिवशंकरप्पा ने आगे कहा कि जैसा कि आप सभी जानते है कि वह चुनाव जीत कर मोदी का कमल का फूल खिलाना चाहती हैं। उन्हें दावणगेरे की समस्याओं की समझ नहीं है।

## रोजगार क्रांति' की शुरुआत करेगी कांग्रेस, मल्लिकार्जुन खरगे ने 'युवा न्याय की गारंटी' को फिर से दोहराया

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस रोजगार के अवसर बढ़ाने और युवाओं की आकांक्षाओं को साकार



करने की दिशा में काम करेगी। वह रोजगार क्रांति की शुरुआत करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की यह गारंटी है कि वह युवाओं के अंधकारमय भविष्य को उज्ज्वल बनाएगी। उन्होंने कांग्रेस की युवा न्याय की गारंटी को फिर से दोहराया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस रोजगार के अवसर बढ़ाने और युवाओं की आकांक्षाओं को साकार करने की दिशा में काम करेगी। वह रोजगार क्रांति की शुरुआत करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की यह गारंटी है कि वह युवाओं के अंधकारमय भविष्य को उज्ज्वल बनाएगी। उन्होंने कांग्रेस की युवा न्याय की गारंटी को फिर से दोहराया। कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आने पर इसे लागू किया जाएगा। उन्होंने ये बातें एक्स पर एक पोस्ट के जरिये कहीं।कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि गारंटी के तहत उनकी पार्टी नौकरियों के कैलेंडर के अनुसार 30 लाख नई केंद्र सरकार की नौकरियां प्रदान करेगी।

## 238 बार हारने के बावजूद फिर चुनावी मैदान में के. पद्मार्जन, अबतक अधिकतम 6,000 वोट मिले

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सेलम।** चुनाव में उम्मीदवार जीतना चाहता है, लेकिन के. पद्मराजन को हारना पसंद है। 238 बार हारने



के बाद वह तमिलनाडु के धर्मपुरी लोकसभा सीट से एक बार फिर निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर मैदान में हैं। पद्मराजन ने कहा, अब तक, मैंने 239 नामांकन दाखिल किए हैं। मुझे केवल असफलता पसंद है। मैं विश्व रिकार्ड बनाने के लिए चुनाव लड़ रहा हूं। मुझे एक चुनाव में अधिकतम 6,000 वोट मिले। चुनाव में उम्मीदवार जीतना चाहता है लेकिन के. पद्मराजन को हारना पसंद है। 238 बार हारने के बाद वह तमिलनाडु के धर्मपुरी लोकसभा सीट से एक बार फिर निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर मैदान में हैं। पद्मराजन ने कहा अब तक मैंने 239 नामांकन दाखिल किए हैं। मुझे केवल असफलता पसंद है। मैं विश्व रिकार्ड बनाने के लिए चुनाव लड़ रहा हूं। मुझे एक चुनाव में अधिकतम 6000 वोट मिले। उन्होंने कहा, अब तक मैंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी, द्रमुक के पूर्व प्रमुख करुणानिधि, अननद्रमुक की पूर्व महासचिव जयललिता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ चुनाव लड़ा है। मैं चुनाव जीतना नहीं चाहता, मैं केवल हारना चाहता हूं। सफलता का अनुभव केवल एक बार ही किया जा सकता है। असफलता लगातार बनी रह सकती है। उन्होंने कहा, 1988 से, मैंने चुनाव नामांकन के लिए एक करोड़ रुपये तक जमा किए है। मैं अपने पंचर की दुकान चलाकर पैसा कमाता हूं। मैं इससे होने वाली आय से जमानत राशि भरूंगा। मैंने सभी चुनाव लड़े हैं जिसमें राष्ट्रपति, निगम और वार्ड चुनाव भी शामिल हैं। इसके बाद मैं भी चुनाव लड़ूंगा।

## पीएम मोदी ने केरल के भाजपा कार्यकर्ताओं से किया संवाद, यूडीएफ-एलडीएफ को बताया एक ही सिक्के के दो पहलू

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**तिरुअनंतपुरम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नमो एप के माध्यम से केरल में भाजपा के बूथ कार्यकर्ताओं से संवाद किया। पीएम ने बूथ अध्यक्षों से फीडबैक लिया कि आइएनडीआइए के खिलाफ



भ्रष्टाचार के आरोपों के बारे में जनता क्या सोचती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को मतदाताओं का दिल जीतने के लिए मार्गदर्शन दिया। पीएम ने कार्यकर्ताओं से मतदाताओं को यह बताने के लिए कहा कि राज्य में सत्तारूढ़ एलडीएफ और विपक्षी यूडीएफ गठबंधन दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों गठबंधन जो आईएनडीआईए का हिस्सा हैं केरल में विरोधी होने का नाटक कर रहे हैं। वहीं केरल के बाहर दोनों भाजपा के विरोध में मिलकर काम कर रहे हैं। पीएम ने कार्यकर्ताओं से मतदाताओं को यह बताने के लिए कहा कि राज्य में सत्तारूढ़ एलडीएफ और विपक्षी यूडीएफ गठबंधन दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों गठबंधन जो आईएनडीआईए का हिस्सा हैं केरल में विरोधी होने का नाटक कर रहे हैं। वहीं, केरल के बाहर दोनों भाजपा के विरोध में मिलकर काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, वे एक-दूसरे के गलत कामों को छिपाने के लिए काम कर रहे हैं। यही खेल वे केरल में खेल रहे हैं। केरल के लोग शिक्षित हैं, उन्हें इस बारे में बताएं। पलक्कड क्षेत्र के बूथ अध्यक्ष ने पीएम को बताया कि कि कई कांग्रेस कार्यकर्ता इस बात से नाखुश है कि वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से एलडीएफ उम्मीदवार - एनी राजा - राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं। वहीं, राष्ट्रीय स्तर पर उनकी पार्टी राहुल का समर्थन कर रही है। इस असंतोष से भाजपा को लाभ होगा। पीएम ने करुवन्नूर सहकारी बैंक धोखाधड़ी मामले का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि इसमें बड़े कम्युनिस्ट नेता शामिल थे। उन्होंने कहा, मैं केरल के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि ऐसे घोटालों में शामिल लोग जो जनता को लूट रहे हैं, बच नहीं पाएंगे। उन्हें कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

## उद्धव ठाकरे और उनके बेटे नहीं तय कर सकते मुंबई का भाग्य

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री और मुंबई उत्तर से भाजपा उम्मीदवार पीयूष



गोयल ने शनिवार को उद्धव ठाकरे और उनके बेटे आदित्य ठाकरे पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे और उनके बेटे मुंबई का भाग्य तय नहीं कर सकते। उन्होंने आगे कहा कि यह शहर उन सभी के सपनों और आकांक्षाओं को कायम रखता है जो इसे अपना घर कहते हैं। पीयूष गोयल ने कहा कि जो भी लोग इस शहर की झुग्गियों में रहते हैं उन्हें भी बेहतर जीवन जीने का पूरा अधिकार है। केंद्रीय मंत्री और मुंबई उत्तर से भाजपा उम्मीदवार पीयूष गोयल ने शनिवार को उद्धव ठाकरे और उनके बेटे आदित्य ठाकरे पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे और उनके बेटे मुंबई का भाग्य तय नहीं कर सकते। उन्होंने आगे कहा कि यह शहर उन सभी के सपनों और आकांक्षाओं को कायम रखता है जो इसे अपना घर कहते हैं। गोयल का यह बयान शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता आदित्य ठाकरे के उस बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने मुंबई से झुग्गियों को जबरन हटाने और इनमें रहने वाले लोगों को नमक से अटी पड़ी (साल्ट पैन लैंड) तटीय भूमि पर स्थानांतरित करने की योजना बनाने का आरोप लगाया था। पीयूष गोयल ने कहा कि मुंबई को दुनिया के सबसे बेहतरीन शहरों में से एक में तब्दील करने के दृष्टिकोण के लिए मेरा विरोध करना उनके विकास-विरोधी एजेंडे को दर्शाता है।

## भाजपा विधायकों को छूने की हिम्मत न करे कांग्रेस, 48 घंटे में गिर जाएगी सरकार

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**हैदराबाद।** तेलंगाना में भाजपा विधायक दल के नेता ए. महेश्वर



रेड्डी ने शनिवार को चेतावनी दी कि यदि किसी भी भाजपा विधायक को छुआ (दलबदल के लिए लालच) गया तो राज्य में कांग्रेस सरकार 48 घंटों के भीतर गिर जाएगी। तेलंगाना में भाजपा विधायक दल के नेता ए. महेश्वर रेड्डी ने शनिवार को चेतावनी दी कि यदि किसी भी भाजपा विधायक को छुआ (दलबदल के लिए लालच) गया तो राज्य में कांग्रेस सरकार 48 घंटों के भीतर गिर जाएगी। मंत्री के. वेंकट रेड्डी के दावों की ओर इशारा करते हुए महेश्वर रेड्डी ने कहा कि वह भाजपा विधायकों को छूने की हिम्मत न करें। मंत्री के. वेंकट रेड्डी के दावों की ओर इशारा करते हुए महेश्वर रेड्डी ने कहा कि वह भाजपा विधायकों को छूने की हिम्मत न करें। वेंकट रेड्डी ने दावा किया था कि तेलंगाना के भाजपा के सभी आठ विधायक कांग्रेस के संपर्क में हैं। भाजपा नेता ने कहा, अगर आपने हमारे एक भी विधायक को छूने की कोशिश की, तो मैं आपको बता रहा हूं कि 48 घंटों के भीतर आपकी सरकार गिर जाएगी। महेश्वर रेड्डी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी सरकार बनाने के 100 दिन बाद भी अपने वादों या गारंटी को लागू करने में विफल रही है। कहा कि कांग्रेस पूरे देश में अपनी राजनीतिक और चुनावी गतिविधियों के लिए हैदराबाद से फंडिंग कर रही है।

## भारत के साथ मिलकर आतंकवाद से लड़ने को तैयार रूस

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**नई दिल्ली।** भारत में रूसी राजदूत डेनिस अलीपोव ने शनिवार को कहा कि रूस, भारत और अन्य देशों के साथ मिलकर आतंकवाद



से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। उनकी यह टिप्पणी मॉस्को के पास एक कॉन्सर्ट में कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले के बाद आई है। इस हमले में 144 लोगों की मौत हो गई थी और कई घायल हुए थे।भारत में रूसी राजदूत डेनिस अलीपोव ने शनिवार को कहा कि रूस भारत और अन्य देशों के साथ मिलकर आतंकवाद से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। उनकी यह टिप्पणी मॉस्को के पास एक कॉन्सर्ट में कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले के बाद आई है। इस हमले में 144 लोगों की मौत हो गई थी और कई घायल हुए थे। अलीपोव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से इस मौके पर रूस को समर्थन दिया गया था और आतंकवाद की अस्वीकृति को लेकर बयान दिए गए थे। उन्होंने भारत और अन्य देशों के लोगों की ओर से पीडि़तों, उनके परिजनों और रूसी सरकार के प्रति दिखाई गई भावनाओं की भी सराहना की। रूस में विदेशी राजनयिकों ने शनिवार को उस स्थल पर फूल चढ़ाए जहां पिछले सप्ताह हमला हुआ था। उपस्थित लोगों में अमेरिका, यूरोपीय संघ के देशों, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के राजदूत शामिल थे। हमले में रूस की ओर से यूक्रेन का हाथ होने की बात कही गई है, लेकिन यूक्रेन इसे नकारता आ रहा है।

## यह मोदी युग है, लोकसभा चुनाव में एक अंक में सिमट जाएगी कांग्रेस', भाजपा ने पार्टी के आरोपों पर किया पलटवार

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**नई दिल्ली।** भाजपा ने शनिवार को कहा कि इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस एक अंक में सिमटकर रह जाएगी। टैक्स धोखाधड़ी में शामिल होने के बाद वह जिस तरह से आयकर नोटिस के मुद्दे पर लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रही है, उससे वह बेनकाब हो गई है। पूर्व मंत्री पी चिदंबरम ने दावा किया कि कांग्रेस को आयकर विभाग का नोटिस देश के सभी राजनीतिक दलों और जनता के लिए भी एक चेतावनी है जिससे सभी दलों को नष्ट करने की भाजपा की मंशा का पता चलता है। कांग्रेस ने कहा-मोदी सरकार ने हमारे बैंक खाते फ्रीज नहीं किए हैं बल्कि भारत के लोकतंत्र को फ्रीज किया है। यह टैक्स आतंकवाद है। भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और अन्य नेता अपनी टिप्पणियों से आयकर विभाग को धमकाने का प्रयास कर रहे हैं।



उन्होंने कहा-लेकिन, यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'युग' है। इसमें कानून के सामने हर कोई समान है। इस्लाम ने कहा, कांग्रेस को टैक्स देनदारी के लिए आयकर विभाग से नोटिस मिला है। इसके बाद वह धरना और प्रदर्शन कर लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। भाजपा नेता ने कहा, देश की जनता निश्चित रूप से इसका जवाब देगी। 2019 के लोकसभा चुनाव में तो कांग्रेस (सीटों के मामले में) दो अंकों तक पहुंची थी। लेकिन, मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार के लोकसभा चुनाव में पार्टी एक अंक में सिमट जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को आयकर वसूली का नोटिस उसकी अपनी गलतियों के चलते मिला है। उसके आरोपों में कोई दम नहीं है।कांग्रेस ने आयकर विभाग द्वारा 1,823 करोड़ रुपये के कर बकाये को लेकर भेजे गए नोटिस के खिलाफ शनिवार को कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन किया और कहा कि वह केंद्र के टैक्स आतंकवाद से नहीं डरेगी। पार्टी ने लखनऊ, चंडीगढ़, जयपुर और अन्य राज्य की राजधानियों में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, भाजपा आयकर नोटिस भेजकर कांग्रेस को परेशान करने की कोशिश कर सकती है, लेकिन कांग्रेस न तो डर रही है और न ही कमजोर हो रही है। हम तैयार हैं, हम इससे पार पाएंगे और हम विजयी होंगे।

डाक पंजीयन नं. AD -326/2024-2026 - website:www.aadhuniksamachar.com – E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com
YouTube आधुनिक समाचार

# केसरवानी वैश्य समाज के होली मिलन समारोह में हुई फाग और हास्य व्यंग की बौछार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज ।** केसरवानी वैश्य सभा प्रयागराज के तत्वावधान में आज भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जहां विभिनन्न कलाकारों द्वारा होली गीत फाग और समाज को पतन की ओर ले जा रहा है । हमें ऐसे कृतियों से दूर रहकर परिवार और समाज को विकास निर्माण की दिशा में ले जाने का कार्य करना होगा होली मिलन के विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ सत्ता में भागीदारी अति आवश्यक है जिसके माध्यम से हम सरकार में रहकर ही समाज का भला कर सकते है । इसलिए दलगत राजनीति से उठकर केसरवानी समाज का व्यक्ति यदि कहीं भी है हम एकजुट




हास्य व्यंग की बौछार हुई समारोह की अध्यक्षता करते हुए केसरवानी वैश्य सभा के अध्यक्ष पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य भाजपा नेता राम जी केसरवानी ने कहा कि होली के पर्व पर समाज के लोगों को आपसी भाईचारे के माध्यम से देश एवं प्रदेश के लोगों को एक सूत्र में बांधने का काम किया जाए । उन्होंने कहा कि आज केसरवानी समाज विभिनन्न क्षेत्रों राजनीतिक शिक्षा न्यायिक क्षेत्र में बढ़-चढ़कर कार्य कर रहा है यह गौरव का विषय है ठाकुरदीन का हाता बहादुरगंज स्थित केसरवानी वैश्य सभा धर्मशाला में आयोजित होली मिलन समारोह के मुख्य अतिथि महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि आज हमारा समाज आधुनिकता की अंधी दौड़ में जिस तरह से शामिल होकर परिवार सहित बार और डांस क्लब में शिरकत कर रहे हैं वह हमारे समाजसेवी एवं नागरिक सुरक्षा संगठन के चीफ वार्डन अनिल कुमार गुप्ता अनन्नू भइया ने कहा कि हमारे समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं है जरूरत इन प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देकर आगे बढ़ाने की है और केसरवानी वैश्य सभा इस कार्य को बाखूबी निभा भी रहा है यह सराहनी है और यही बच्चे ही आगे चलकर हमारे केसरवानी समाज का नाम रोशन करेंगे । केसरवानी वैश्य सभा धर्मशाला के अध्यक्ष रजनीश केसरवानी ने कहा कि हमारे समाज को लोग खास कर राजनीतिक संगठन एवम प्रशासनिक अधिकारी शोषण की वस्तु समझते हैं और इसके लिए कमोवेश हम स्वयं जिम्मेदार हैं क्योंकि हम स्वयं धन कमाने के लिए दौड़ में अपने अधिकारों प्रति सचेत नहीं रहते । उन्होंने कहा कि यदि हम चाहते हैं कि हमारे समाज का भला हो समाज की होकर वह समाज की शक्ति का परिचय देते हुए उसे विजयी बनाने का काम करेंगे तभी लोग हमें महत्व मिलेगा क्योंकि अनादि काल से आज तक लोग शक्ति के सामने ही सिर झुकाते आए हैं कमजोर को हमेशा दबाने उसके शोषण का कार्य किया जाता है। समारोह में मुख्य रूप से दिनेश गुप्ता, हरिश्चंद्र गुप्ता , डॉ अशोक गुप्ता, रवि गुप्ता सुनीर केसरवनी , राजेंद्र गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, पंकज गुप्ता ,जय प्रकाश आर्य , अनूप केसरवानी, राकेश केसरवानी ,सत्य प्रकाश , लवकुश केसरवानी , विवेक केसरवानी, बैजनाथ केसरवानी, दिनेश केसरवानी चाकघाट सुभाष केसरवानी कृष्ण कुमार केसरी शिवनाथ गुप्ता रविंद्र केसरी शंकर लाल केशरवानी प्रेम नारायण केशरवानी गोरखनाथ केसरवानी सुनील केसरवानी उर्फ पप्पू कटरा आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया ।

# गेहूं की फसल में लगी आग हुआ भारी मात्रा में नुकसान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**बारा।** प्रयागराज बारा तहसील मुख्यालय के लाला का पूरा निवासी राजेश कुशवाहा के गेहूं की खड़ी फसल में अज्ञात कारणों से आग हो गयी। बताया जा रहा है कि राजेश कुशवाहा पुत्र राजबहादुर कुशवाहा निवासी लाला का पूरा, बारा खास जो एक गरीब व असहाय किसान व्यक्ति है राजेश



लग जाने की वजह से काफी नुकसान हुआ घटना दोपहर के बाद लगभग 4:00 बजे की बताई जा रही है आग देखकर ग्रामीण दौड़े और बुझाने की कोशिश की लेकिन आग की लपट इतनी ज्यादा होने के कारण आग को ना बुझा पाए तब ग्रामीणों द्वारा सूचना देने पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग बुझाई। तब तक करीब एक बीघे की फसल जलकर राख कुशवाहा ने उषा कुशवाहा पतनी मोहनलाल कुशवाहा के खेत को दिहाड़ी पर लेकर किसी ढंग से अपने परिवार का जीवन यापन कर रहे थे खेत की फसल में आग लगने से निराश व असहाय होने के कारण राजेश कुशवाहा व उनके परिवार द्वारा आला अधिकारियों से मुआवजा की मांग की मौके पर पहुंची राजस्व टीम ने जांचकर रिपोर्ट सौंपने की बात कही।

# ओवैसी ने मुख्तार अंसारी के बेटे को लगाया गले, 40 मिनट की बात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**गाजीपुर।** असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार



की रात गाजीपुर के मोहम्मदाबाद में मुख्तार अंसारी के परिवार से मुलाकात कीमाफिया मुख्तार की मौत के बाद एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी रविवार को मुहम्मदाबाद पहुंचे। ओवैसी ने मुख्तार अंसारी की मौत पर शोक जताने रविवार की देर रात पहुंचे। ओवैसी लखनऊ से सीधे मुहम्मदाबाद में सांसद अफजाल अंसारी के फाटक स्थित आवास पर पहुंचे। इस दौरान समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी भी मुख्तार अंसारी की मौत पर शोक जताने रविवार की देर रात पहुंचे। वह लखनऊ से सीधे मुहम्मदाबाद में सांसद अफजाल अंसारी के फाटक स्थित आवास पर पहुंचे। जहां फाटक पर मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को गले लगाया वहीं, उनके साथ खाना भी खाया। 40 मिनट तक बातचीत भी हुई। उधर, इसके पहले ओवैसी के आने की खबर लगने पर समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी थी । मुख्तार अंसारी के भतीजे व विधायक शोहेब अंसारी ने माइक लेकर लोगों से जाने की अपील किया। उधर, पुलिस ने फिर से फाटक के पास बैरिकेडिंग कर दिया।

# नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज ।** भारत सरकार द्वार मान्यता प्राप्त नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र प्रवेश कार्यालय का सिविल डिफेंस प्रयागराज के मंडल प्रशिक्षणाथिर्यों का सर्वांगिन विकास होता है। केंद्र गुणवत्ता परिषद द्वारा स्टार ग्रेडिंग प्राप्त है। केंद्र के कंप्यूटर शिक्षक रोहित शुक्ला ने बताया कि सरकार द्वार छात्रवृत्ति एवं टैबलेट मौजूद रहे अंतरराष्ट्रीय स्तर का है प्रयागराजका नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण के द्र-रौनक गुप्ता इस अवसर पर निरीक्षक विजय पांडे, रोहित शुक्ला, सचिन श्रीवास्तव,






अधिकारी रौनक गुप्ता के कर कमलो द्वार किया गया प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने बताया कि प्रयागराज में न्यूनतम शुल्क मुझे प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है । यहां इंडस्ट्रियल विजिट सेमिनार, ग्रुप डिस्कशन, आदि कराया जाता है जिसे की सुविधा उपलब्ध है प्रशिक्षणाथिर्यों को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है। प्लेसमेंट भी केंद्र द्वार ही करवाया जाता है मुख्य अतिथि ने नवीन प्रवेशाथिर्यों का स्वागत एवं उज्जवल भविष्य की कामना की क्या अवसर पर केंद्र के सभी लोग मोहम्मद कौसर, प्रदीप जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे मुख्य अतिथि ने केंद्र का दौरा किया एवं लोगो से वार्ता की अभिषेक तिवारी, सत्यम मिश्रा, नीरज, कुमार, सूरज, आशुतोष, अनुराग, तौफीक अली, अजय कुमार आदी मौजुद रहे।





# मुख्तार अंसारी ने खुद न्यायालय में आरोप लगाया था कि उन्हें जहर दिया जा रहा है

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**ग़ाज़ीपुर।** गैंगस्टर से नेता **बने मुख्तार** अंसारी के भाई अफ़ज़ाल



अंसारी ने कहा मुख्तार अंसारी ने खुद न्यायालय में आरोप लगाया था कि उन्हें जहर दिया जा रहा है। कोर्ट ने इसका संज्ञान भी लिया और रिपोर्ट भी मांगी। हमने जेल के अधीक्षक से इलाज के लिए कहा था... उन्होंने हमें इलाज का आश्वासन दिया था... 20 तारीख को रात में मेरी बात हुई थी... 26 तारीख को सुबह हमें सूचना मिली कि मुख्तार अंसारी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। यह साधारण बात नहीं है क्योंकि उन्होंने जहर दिए जाने की आशंका व्यक्त की थी... हम जब उनसे मिलने पहुंचे तब उन्होंने कहा कि उन्हें 19 तारीख को जहर दिया गया है... हमने डॉक्टरों से इलाज के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि एक्सरे, अल्ट्रासाउंड कराया गया है... 2 घंटे बाद मुख्तार को फिट बताकर व्हीलचेयर पर बैठाकर जेल पहुंचा दिया गया... जब मृत्यु हुई तो उन्होंने कहा कि कार्डियाक अरेस्ट हुआ है... सब मिलीभगत है, अगर हार्ट अटैक भी हुआ है तो उसकी वजह है कि उसे जहर दिया गया था।

# काशी में गंगा आरती के वक्त नहीं खड़ी होंगी 600 छोटी नावें, पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर हुआ निर्णय

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**काशी।** काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन पूजन के बाद गंगा आरती देखने के लिए पर्यटकों की भारी भीड़ जुट रही है। ऐसे में शाम 4 से रात 8 बजे तक गंगा आरती स्थल पर नावों के लिए प्रतिबंध रहेगा। पर्यटकों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए सुरक्षा कारणों से इन पर पाबंदी लगाने का निणर्य लिया गया। गंगा आरती को लेकर शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक दशाश्वमेध घाट पर छोटी नावें न तो पार्क होंगी न उनका संचालन होगा। इस पर नाविक समाज और जल पुलिस के साथ हुई बैठक में सहमति बनी। इस समय गंगा में करीब 600 छोटी नावें हैं। जल पुलिस प्रभारी मिथिलेश यादव ने बताया कि पर्यटकों का सर्वाधिक दबाव दशाश्वमेध और शीतला घाट पर होता है। इस दौरान करीब 1500 नावों से पर्यटक गंगा आरती देखते



हैं। इसमें छोटी चप्पू वाली नावें शामिल रहती हैं। पर्यटकों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए सुरक्षा कारणों से इन पर पाबंदी लगाने का निणर्य लिया गया। इस दौरान आरती स्थल से दूर चप्पू वाली नावों का संचालन किया जा सकता है। मां गंगा निषाद राज सेवा न्यास अध्यक्ष ने बताया कि काशी आने वाले पर्यटक सुरक्षित गंगा आरती देख सकें इसके लिए यह निणर्य लिया गया है। जल पुलिस के मुताबिक आरती के दौरान अस्सी की ओर जाने वाली नावें घाट किनारे से जबकि अस्सी से आने वाली नावें गंगा के दूसरी छोर रेती की ओर से चलेंगी। जल पुलिस स्पीड बोट से जगह-जगह मॉनीटरिंग करेगी। मां गंगा निषादराज सेवा न्यास ने एडीएम सिटी आलोक वर्मा को पत्रक सौपकर क्रूज का संचालन बंद कराने की मांग की है। आरोप लगाया कि क्रूज संचालन से नाविकों का हित प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन सौंपने वालों में बबलु मांझी, अजीत रहे।

# ओवैसी के बाद मुख्तार के घर शोक जताने पहुंचेंगे सपा नेता धर्मेंद्र यादव, बढ़ाई गई सुरक्षा व्यवस्था

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**ग़ाज़ीपुर।** मुख्तार अंसारी की मौत के बाद गाजीपुर स्थित उसके आवास पर शोक जताने के लिए



समर्थक व अलग-अलग राजनीतिक दलों के नेता पहुंच रहे हैं। रविवार की रात असदुद्दीन ओवैसी शोक जताने पहुंचे थे। वहीं आज समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव भी मुख्तार के आवास पर पहुंच रहे हैं। मुख्तार अंसारी की मौत के बाद से ही गाजीपुर स्थित आवास पर शोक जताने वालों का तांता लगा हुआ है। रविवार की रात से बड़े नेताओं के आने की खबर से ही समर्थकों की भीड़ बढ़ने लगी थी। इसे देखते हुए फोर्स भी बढ़ा गई है। रविवार की रात एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी के आने के बाद अब समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव के सोमवार को आने की सूचना है। वे अंसारी परिवार से मुलाकात करेंगे। इसे लेकर मुख्तार अंसारी के फाटक के बाहर सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं।

# सावन से ज्यादा मार्च में आए श्रद्धालु, नॉन फेस्टिवल सीजन में भक्तों का बना नया रिकॉर्ड

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**काशी।** काशी विश्वनाथ मंदिर में इन दिनों भारी संख्या में श्रद्धालु



दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें सबसे अधिक राम मंदिर अयोध्या दर्शन कर आने वाले लोग शामिल हैं। भक्तों की आस्था तेज धूप पर भी भारी पड़ रहा। यही वजह है कि भक्तों की कतारें कम नहीं हो रही हैं।श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में एक दिन में सर्वाधिक श्रद्धालुओं के दर्शन-पूजन का नया रिकॉर्ड बन गया। नॉन फेस्टिवल सीजन होते हुए भी रविवार 6.37 लाख श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर दर्शन किए। मंदिर प्रशासन के मुताबिक, मार्च में सावन से भी ज्यादा श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र ने बताया कि मार्च 2024 में 95.63 लाख श्रद्धालु आए हैं। इससे पहले अगस्त 2023 यानी सावन में 95.62 लाख श्रद्धालु आए थे। पिछले वर्ष मार्च में 37.1 लाख श्रद्धालु आ सके थे, लेकिन इस मार्च में यह संख्या दोगुने से भी ज्यादा हो गई। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2021 में विश्वनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण हुआ था। तब से हेड काउंटर कैमरा के जरिये श्रद्धालुओं की संख्या वैज्ञानिक पद्धति से निरंतर दर्ज की जा रही है।

# मुख्तार को मसीहा बताकर सोशल माडिया पर किया पोस्ट, सिपाही पर गिरी गाज; एसपी ने किया सस्पेंड

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**चंदौली।** एक सिपाही को सोशल मीडिया पर मुख्तार को मसीहा बताकर पोस्ट करना भारी पड़ गया। पोस्ट वायरल होने के बाद एसपी ने उसके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की है। इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मचा है। चंदौली में तैनात एक सिपाही ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया, जिसमें उसने मुख्तार को मसीहा लिख दिया। पोस्ट वायरल होने के बाद एसपी डॉ. अनिल कुमार ने सिपाही को रविवार की देर रात सस्पेंड कर दिया। कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है। माफिया मुख्तार अंसारी के जेल में हार्ट अटैक से मौत के बाद सोशल मीडिया पर उसके पक्ष और विपक्ष में तमाम लोग पोस्ट कर रहे हैं। सोशल मीडिया उसकी तस्वीरों और तरह-तरह के पोस्ट से भरा हुआ है। इसी बीच चंदौली पुलिस लाइन में तैनात सिपाही आफताब आलम ने रविवार की रात सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया। जिसमें उसने मुख्तार को मसीहा बताया। उसका पोस्ट वायरल होती ही मामले की जानकारी एसपी को हुई। जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए एसपी डॉ.अनिल कुमार ने उसे सस्पेंड कर दिया। इस कार्रवाई के बाद से जिले के पुलिसकमिर्यों में हलचल मच गया है।







# टॉफी दिलाने का लालच देकर सात साल की बच्ची से दुष्कर्म, आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**आजमगढ़।** जिले में एक सात साल की बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। रौनापुर थाना क्षेत्र 50 वर्षीय व्यक्ति ने उसकी बेटी को 30 मार्च की शाम टॉफी का लालच देकर गांव के सिवान में ले गया। जहां उसकी मासूम बेटी के साथ




की रहने वाली पीडि़ता की मां ने पुलिस को तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आजमगढ़ जिले के रौनापार थाना क्षेत्र में एक सात वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मामले में पीडि़ता की मां की तहरीर पर पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। रौनापुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली सात वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आ गया है। पीडि़ता की मां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के ही दुष्कर्म किया। बच्ची की तबियत बिगड़ गई तो उसे दवा खिला दी। जब वह घर पहुंची तो उसने आपबीती बताई। मामले में पहले तो गांव के लोग सुलह समझौते में जुटे रहे, लेकिन जब बात नहीं बनी तो पीडि़ता की मां ने रविवार की शाम रौनापार थाने पर पहुंचकर आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई है। थानाध्यक्ष रौनापार विजय प्रकाश मौर्य ने बताया कि घटना शनिवार की है। रविवार की शाम इसकी सूचना मिली। पीडि़ता की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# 40 छात्रों का प्रवेश निरस्त किए जाने का मामला सुप्रीम कोर्ट, फर्जी दस्तावेज से प्रवेश का था मा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**गोरखपुर।** मदनमोहन मालवीय



प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में फर्जी दस्तावेज से प्रवेश लेने वाले 40 बीटेक छात्रों के प्रवेश निरस्तीकरण का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। हाईकोर्ट की डबल बेंच से राहत नहीं मिलने के बाद इन विद्यार्थियों ने सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगाई है।इस मामले में विश्वविद्यालय ने सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दाखिल कर रखी है। ऐसे में छात्रों के सुप्रीम कोर्ट पहुंचने की जानकारी मिलने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने वहां भी अपने फैसले के पक्ष में मजबूत पैरवी की तैयारी कर ली है। इस संबंध में एमएमएमयूटी के कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने बताया कि फर्जी दस्तावेज के सहारे प्रवेश के मामले में दव हाईकोर्ट से राहत नहीं मिलने पर विद्याथियों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इनका प्रवेश बीटेक में कूटरचित दस्तावेज के सहारे नामांकन कराने के कारण दो वर्ष पूर्व निरस्त कर दिया गया था।

# थाना रामपुर पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्ता के कब्जे से कुल 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर गिरफ्तार किया गया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** आगामी चुनाव के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, डॉ0 यशवीर सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद सोनभद्र में जनपदीय पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें शराब की दुकानों का निरीक्षण/चेकिंग सहित अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है । इसी अभियान के क्रम में थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस द्वारा आज दिनांक 31.03.2024 को चेकिंग के दौरान ग्राम बरकोनिया पानी टंकी के पास से अभियुक्ता अनिता धांगर पतनी अमरेश धांगर निवासिनी बरकोनिया थाना रामपुर बरकोनिया जनपद सोनभद्र के कब्जे से एक जरिकेन में 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया । उक्त के सम्बन्ध में थाना रामपुर बरकोनिया पर मु0अ0सं0-19/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। **गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**अनिता धांगर पतने अमरेश धांगर निवासिनी बरकोनिया थाना रामपुर बरकोनिया जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 32 वर्ष । बरामदगी - 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद गिरफ्तार करने वाली टीम - 1.उ0नि0 राजेन्द्र कुमार सिंह थाना रामपुर बरकोनिया, जनपद सोनभद्र। 2.हे0का0 मनोज कुमार सिंह थाना रामपुर बरकोनिया, जनपद सोनभद्र । 3.हे0का0 तबरेज खाँ थाना रामपुर बरकोनिया, जनपद सोनभद्र । 4.म0का0 सोनम थाना रामपुर बरकोनिया, जनपद सोनभद्र ।



# थाना रायपुर पुलिस ने मु0अ0सं0-12/2024 धारा 419,420,467,468,471 भादवि से सम्बन्धित एक नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में आज दिनांक-31.03.2024 को थाना रायपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-12/2024 धारा 419,420,467,468,471 भादवि में वांछित चल रहे अभियुक्त प्रमोद कुमार पुत्र विजय सिंह निवासी लगुनावरी पिपरगाँव थाना मुहम्मदाबाद जनपद फर्रुखाबाद को समय 11.30 बजे बस स्टैण्ड रॉबर्ट्सगंज से गिफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया प्रकरण- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नगवा/वैनी जनपद सोनभद्र में फार्मासिस्ट का पद रिक्त होने के कारण उसको भरने के लिए आवश्यक पत्राचार महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाए उ0प्र0 लखनऊ को किया गया था। अभियुक्त प्रमोद कुमार उपरोक्त जो दिल्ली में रहकर प्राईवेट नौकरी करता था। अभियुक्त किसी माध्यम से पूरी जानकारी प्राप्त करके सरकारी नौकरी के लालच में खुद को मृतक आश्रित में इस पद के लिए नियुक्त होने के सम्बन्धी आदेश जारी करके सीएचसी वैनी आकर ड्यूटी भी ज्वाईन कर लिया था। उक्त पद पर चयन सम्बन्धी सत्यापन होने पर अभियुक्त प्रमोद कुमार उपरोक्त के पूरे दस्तावेद फर्जी कूट रचित पाये गये। जिसके आधार पर डॉ0 रोहित सिंह अधीक्षक समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नगवा सोनभद्र द्वारा थाना रायपुर पर लिखित तहरीर देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था । **गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-** 1. प्रमोद कुमार पुत्र विजय सिंह निवासी लगुनावरी पिपरगाँव थाना मुहम्मदाबाद जनपद फर्रुखाबाद उम्र लगभग 25 वष **गिरफ्तारी करने वाले पुलिस टीमः-** 1. उ0नि0 रामनयन यादव, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र । 2. हे0का0 राकेश सिंह यादव, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र । 3. का0 नीरज सिंह यादव, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र । 4. का0 आकाश कुमार, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र ।

# सेवानिवृत हो रहे शिक्षकों का हुआ सम्मान व विदाई

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** करमा ब्लॉक में कार्यरत शिक्षकों - इंद्रावती देवी- प्र0अ0-कम्पोजिट विद्यालय करमा,सतेन्द्र कुमार सिंह- प्र0अ0-उच्च प्राथमिक विद्यालय सिरसिया ठकुराई व दयाराम यादव- प्र0अ0-कम्पोजिट विद्यालय कोइलहिया 31 मार्च 2024 को सफलतापूर्वक सेवा पूर्ण करने के बाद सेवानिवृत हो रहे हैं। करमा ब्लॉक के शिक्षकों के द्वारा रविवार को सेवानिवृत हो रहे शिक्षकों के सम्मान में सम्मान व विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन कम्पोजिट विद्यालय करमा में आयोजित किया। उक्त कार्यक्रम में संरक्षक के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम का आयोजन खण्ड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ खण्ड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार पाण्डेय,पूर्व माध्यमिक शिक्षक के मण्डल अध्यक्ष रविभूषण सिंह,समस्त एआरपी व सेवानिवृत हो रहे शिक्षकों ने सरस्वती जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित करके किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने सभी सेवानिवृत हो रहे शिक्षकों को आगे के समय को सुखमय ढंग से बिताने की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपने जो अपनी महत्वपूर्ण सेवा बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षक के रूप में दी यह बच्चों के लिए, अभिभावकों के लिए काफ़ी सहयोगात्मक रहा तथा आपके द्वारा दिए गए शिक्षा से काफ़ी बच्चों ने अपना बेहतर भविष्य बनाया। कार्यक्रम में रविभूषण सिंह ने सभी को शुभकामनाएं दीं तथा कहा कि आपकी सेवा अमूल्य है और आपकी कमी को भी पूरा नहीं किया जा सकता है। हम आपके सुखमय जीवन कि कामना करते हैं।पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री धीरेन्द्र पति तिवारी,घोरावल ब्लॉक अध्यक्ष अनिल सिंह,एआरपी राजकुमार मौर्य, राधेश्याम पाल, अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, दिनेश सिंह, राधेश्याम पाल, आशीष रंजन ने सेवानिवृत हो रहे शिक्षकों को शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शिक्षक हिफाजत हुसैन ने सेवानिवृत शिक्षकों से प्रेरणा लेने व उनके मार्ग पर चलकर सफल होने के सलाह दी। कार्यक्रम का संचालक गोपाल सिंह कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम में श्रीनारायण वर्मा,नितेश मौर्य, अभिषेक, देवेंन्द्र,संजय कुमार मौर्य, संतोष तिवारी, शिवपूजन सिंह, दीपक सिंह, बच्चे लाल यादव, अवधेश सिंह, वीरेंद्र सिंह,संजय कुमार।



# थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा डकैती की योजना बनाते समय 05 नफर अभियुक्तगण को मय असलहे व डकैती करने के उपकरण के साथ किया गया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) तथा क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के निकट पर्वेक्षण में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 31.03.2024 समय लगभग 03.15 बजे स्थान नई बस्ती ॅ/−6 चुर्क के पास से खतरनाक हथियारों से लैश होकर जे0पी0 सीमेन्ट कम्पनी की बाऊण्ड्री के पास रेलवे पटरी के किनारे नई बस्ती में इकट्ठी होकर आपस में डकैती की योजना बना 05 नफर अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से एक अदद देशी तमन्चा 315 बोर, एक अदद जिन्दा कारतुस 315 बोर , एक अदद कुल्हाड़ी , एक अदद लोहे की राड , एक अदद हथौड़ा , एक अदद हेक्सा मशीन मय ब्लेड व तीन अदद हेक्सा ब्लेड बरामद किया गया उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0 234/2024 धारा 399,402 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्तगण उपरोक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया- **गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**1.रिंकू पुत्र जीतलाल पटेल नि0 सिल्थरी थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र व उम्र लगभग 19 वर्ष। 2.आशीष पुत्र बुद्धू बियार नि0 सिल्थरी थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 19 वर्ष ।3.संजय कुमार पुत्र सुबास नि0 नई बस्ती ॅ/−6 चुर्क थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 23 वर्ष ।4.विवेक कुमार पुत्र राजन निवासी नई बस्ती ॅ/−6 चुर्क थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 19 वर्ष ।5.राहुल कुमार पुत्र सुखलाल नि0 नई बस्ती ॅ/−6 चुर्क थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 19 वर्ष ।बरामदगी का विवरणः1.अभियुक्त रिंकू उपरोक्त के कब्जे से एक अदद लोहे का राड बरामद ।2.अभियुक्त आशीष उपरोक्त को कब्जे से एक अदद कुल्हाड़ी बरामद । 3.अभियुक्त संजय कुमार उपरोक्त के कब्जे से एक अदद हेक्सा ब्लेड व एक अदद देशी तमन्चा व एक अदद जिन्दा कारतूस बरामद । 4.अभियुक्त विवेक कुमार उपरोक्त के कब्जे से एक अदद हेक्सा ब्लेड लगा फ्रेम व दो अदद हेक्सा ब्लेड बरामद ।5.अभियुक्त राहुल कुमार उपरोक्त के कब्जे से एक अदद लोहे का हथौडा बरामद । **गिरफ्तारी करने वाली टीम का नाम-** 1.उ0नि0 मनीष कुमार द्विवेदी प्रभारी चौकी चुर्क थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र। 2.हे0का0 सुरेन्द्र प्रजापति चौकी चुर्क थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र। 3.हे0का0 अमरजीत यादव चौकी चुर्क थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र । 4.हे0का0 मुकेश कुमार चौकी चुर्क थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र। 5.हे0का0 वकील कुमार चौकी चुर्क थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र।



# जिले का संपूर्ण विकास बहुजन पार्टी के साथ:मा0अमरेंद्र बहादुर भरतिया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज लोकसभा स्तरीय कार्यकर्ता समीक्षा बैठक रामलीला मैदान राबर्ट्सगंज आहूत किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अविनाश शुक्ला किया विशिस्ट,अतिथि मिर्ज़ापुर मुख्य मण्डल मा गुड्डुराम चमार जी ने किया कार्क्रम के मुख्यातिथि मुख्य मण्डल प्रभारी मिर्ज़ापुर मा0अमरेंद्र बहादुर भरतिया एवं मां लक्ष्मण राम एड0 मुख्य मण्डल प्रभारी कायर्क्रम का सफल संचालन जिला अध्यक्ष मा बी0 सागर जी ने किया इस दौरान सभी वक्तावो ने भाजपा सपा व काँग्रेस जैसी तमाम गठबंधन को धता बताते हुए बहुजन समाज के हाथी चुनाव निसान को वोट कर बहन जी को देश का प्रधानमंत्री बनाने का प्रण लिया साथ ही कार्क्रम के मुख्य अतिथि अमरेंद्र बहादुर भारतीय साहब ने बहुजन समाज पार्टी की नेता उत्तर प्रदेश की चार बार मुख्यमंत्री रह चुकी बहन कु0मायावती निर्देश पर लोकसभा राबर्ट्सगंज में बहुज समाज पार्टी के बहुत ही वरिष्ठ कार्यकर्ता अधिवक्ता मा0 धनेश्वर गौतम को प्रभारी /प्रत्यासी घोषित किया इस मौके पर शशि भूषण एड0 श्री बैज नाथ गौतम जी मुख्य मंडल प्रभारी रामलाल पाल , श्री प्रेमनाथ गौतम जी बहुज समाज पार्टी के कार्यकर्ता लगभग 50000 से ऊपर मौजूद थे जिन्होंने बहुत हर्ष और उत्साह के साथ उनका स्वागत अभिनंदन किया साथ ही इस लोकसभा से चुनाव जीतने का भरोषा भी दिया प्रत्यासी के मिलनसार ब्यवहार से प्रभावित हो कर सभी बहुत प्रसनन्‍ हुए। इस दौरान कमलेश गोंड जी , अवधेश विश्वकर्मा जी अशोक सागर , अमन मौर्य , बलवंत रंगीला डा0 चौहान जी । आदि हजारों की संख्या में उपस्थित रहे।



# अब फिर से सेवादारों की रसोई में मिलेगा पांच रुपये में भरपेट भोजन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** तमिलनाडु के अम्मा कैंटीन की तर्ज पर गरीबों को पांच रुपये में भरपेट भोजन उपलब्ध कराने की पहल रविवार को जिला मुख्यालय पर शुरू की गई। राबर्ट्सगंज के रामलीला मैदान में सेवादारों की रसोई संचालित करने वाले इस आयोजन के अगुवा बने पर (पहले दिन) करीब चार सौ लोगों ने रसीद कटवाई और इसके जरिए भरपेट भोजन किया। बता दें कि लाक डाउन से पहले वर्ष 2019 में इस टीम द्वारा सेवादारों की रसोई चलाने का क्रम शुरू किया गया था। कोरोना महामारी के कारण यह कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया था। जिसे पुनः फिर से शुरू कर



राबटर्सगंज के युवा व्यवसायी पुनीत जैन, बलकार सिंह, जसकीरत सिंह और प्रवीण मिश्रा है। प्रत्येक रविवार को दोपहर बारह बजे से शुरू होने वाली सेवादारों की रसोई के उद्घाटन दिया गया।इस मौके पर इंद्रदेव सिंह, सुशील पाठक, राजकुमार अग्रवाल, राकेश गुप्ता, सूर्य जायसवाल, सतेंद्र सिंह, नवीन थरर्ड, उबैध आदि रहे।

# शिविर का मुख्य उद्देश्य वृद्ध जनों के चेहरे पर मुस्कान हो

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** दिन रविवार को एक दिवसीय निशुल्क योग शिविर हमारा मन और मस्तिष्क बहुत अच्छे से कार्य करता है हर कार्य में हमें सफलता मिलती है और समस्याओं का निदान करते हुए रोग के अनुसार योग बताया गया और जिसमें सर दर्द अनिद्रा



का आयोजन किया गया वृद्धा आश्रम छपका सोनभद्र में पतंजलि योगपीठ सोनभद्र युवा भारत जिला महामंत्री एवं सोशल मीडिया प्रभारी योगी संकट मोचन के द्वारा वृद्धा आश्रम में रह रहे वृद्ध जन है उनको योग के बारे में बताते हुए उनको प्रेरित किया गया की किस प्रकार से आप दवाई से मुक्त हो सकते हैं। और अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं, इसी सिलसिले में लगातार युवा भारत के युवा योगी संकट मोचन द्वारा निशुल्क योग शिविर का आयोजन सदैव इसी प्रकार से गांव-गांव में जाकर लगाया जाता है जिससे लोगों के बीच जागरूकता आए और लोग अपने शरीर को खुद से स्वस्थ रखें योगी संकट मोचन द्वारा बताया जाता है, कि सुबह उठकर धरती माता को प्रणाम कर गुनगुने जल को ग्रहण करने से अपने दिनचर्या की शुरुआत करें जिससे कि आपके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाए और बताते है कि मनुष्य के शरीर में रोग का उत्पनन्‍ केंद्र बिंदु पेट को कहा जाता है। यदि हमारा पेट साफ रहता है तो हमारा हर कार्य कुशलता से पूर्ण हो जाता है यदि आपका पेट साफ नहीं होगा तो आपको पूरे दिन बेचैनी लगा रहेगा आपका मन अच्छे से लगेगा नहीं किसी कार्य में और इस प्रकार से आप हर जगह अपने आप को कहीं ना कहीं पीछे पाएंगे इसलिए पतंजलि योगपीठ के जिला महामंत्री एवं सोशल मीडिया प्रभारी योगी संकट मोचन द्वारा शिविर के अंतर्गत नियमित योग से होने वाले लाभ को बताया तत् पश्चात उन्हें योग प्राणायाम और सूक्ष्म व्यायाम इत्यादि चीजों को बताया और कराया है जैसा कि आज का शिविर का उद्देश्य वृद्ध लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाना था इसी लिए आश्रम में लगाया गया शिविर और वृद्धि जनों के बीच उनके परेशानियों को सुनते हुए जैसे कि किसी का पेट साफ नहीं हो रहा है, किसी के सिर में दर्द है, किसी के पैर में दर्द है, किसी को सांस लेने में समस्या हो रही है, किसी को फेफड़ों में समस्या है किसी को कमर दर्द है किसी को गैस है तमाम ऐसी समस्याओं को सुनते जानते हुए योगी संकट मोचन द्वारा उनकी पेट दर्द घुटना दर्द पेट साफ ना होना इत्यादि समस्याओं का निदान किया बिना किसी दवा के और उन्हें सूक्ष्म व्यायाम, एक्यूप्रेशर जैसी चीजों को बताया गया और अंत में भजन कीर्तन और हास्य आसान, सिंह आसन के साथ शिविर का समापन शांति पाठ के साथ किया गया और उनसे यह वादा कराया गया कि नियमित आप लोग अपने से योग करेंगे और अपने आप को स्वस्थ रखेंगे इस शिविर में उपस्थित रहे लोगों में वहां के स्टाफ राम प्रसाद , सदानंद गुप्ता , जवाहरलाल , रमाकांत , राजरूप पटेल , संजय , तारा जी ,संतोष , लक्ष्मी तथा वृद्धि जनों का नाम इस प्रकार है रामजियावन एवं राम प्रवेश रामधारी, गंगाराम, रामू, मंगरु, स्वामीनाथ, रामचंद्र, विश्वनाथ, बुधयी, जगननथ जयपति, राजवती, मोती, फुलवा, तेतरी, कबूतरी, दलिया, धनेश्वरी इत्यादि वृद्ध जन उपस्थित होकर योग शिविर का आनंद लिया और नियमित योग करने का संकल्प भी लिया।

# अनपरा नगर पंचायत मे 40 लाख की सड़क मे चार लाख भी खर्च नहीं होने पर आधा दर्जन सभासदो ने जताई नाराजगी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** अनपरा सोनभद्र त् जिले की सबसे बड़ी नगर पंचायत अनपरा मे व्याप्त भरस्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है ताज़ा मामला नगर पंचायत के भरत नगर से जुड़ा है गया है त् जोड़ाई मे नियम है एक तगाड़ी सीमेंट और चार तगाडी बालू का पर एक तगाडी सीमेंट मे सात तगाडी बालू की जगह भस्सी डालकर जोड़ दिया गया मिट्टी वही का टीला काटकर डाल दिया गया, 23 लाख 25 हज़ार का कर दिया गया त् नगर पंचायत मे पेटी पर पेटी कांटरेक्टर रखकर लूट मचा दी गई है त् घटिया कार्य पर काम को रोकवाया गया परन्तु स्वार्थहित सवीपरि होने



जहाँ 40 लाख की सड़क मे चार लाख भी खर्च नहीं करने का आरोप लगाते हुए रविवार को आधा दर्जन से अधिक सभासदों ने काम की गुणवत्ता पर सवाल उठाया है सभासदो का आरोप है कि नगर पंचायत अनपरा मे विकास कार्यों मे भारी अनियमितता बरती जा रही है भरत नगर वार्ड मे 210 मीटर की सड़क मे 40 लाख की लागत का स्टीमेट बना दिया गया पर हकीकत मे चार लाख भी खर्च नहीं किया जा रहा है त् जो भी निर्माण कार्य अभी तक कराया गया वह नियमों को ताक पर रखकर किया बोल्डर सुकृत की जगह घटिया किस्म का लोकल बोल्डर लगाया गया है त् बिना पीसीसी और बिना फाउंडेशन के दिवार ख़डी की गई है जो कभी भी गिर सकती है त् दलदल एरिया होने के कारण रोलर से उसे दबाया जाना चाहिए था परन्तु मनमाने तरीके से कार्य कराने से सड़क बनने से पूर्व ही टूटने की आशंका प्रबल हो गई है त् उन्होंने कहा कि नगर पंचायत मे सरकारी धन की लूट मची है त् कमीशन के चककर मे काम चार लाख का भी नहीं हुआ और रनिंग पेमेंट के कारण जबरदस्ती कार्य शुरू करा दिया गया त् सभासदों ने जिलाधिकारी का से जांच की मांग की है त् इस अवसर पर भरत नगर के सभासद अंगद सिंह, पंकज मौर्या, अनिल कुमार, राजेश सोनी, शैलेश भारती, अजय पाठक, रंजन यादव, देवा गुप्ता, अमित गुप्ता, सुमित सोनी, एतरामूल हक सहित अन्य लोग मौजूद रहे त् इस सम्बन्ध मे नगर पंचायत के अवर अभियंता राम आश्रय ने बताया कि कार्य नियमानुसार कराया जा रहा है सारे आरोप बेबुनियाद है ।

# थाना चोपन पुलिस ने चोरी की गयी ट्रैक्टर मय ट्राली किया बरामद व 01 नफर बाल अपचारी गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) व क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं



अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक-30.03.2024 को थाना चोपन पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-66/2024 धारा 379 भादवि से सम्बन्धित प्रकरण में 01 नफर बाल अपचारी निवासी थाना नौगढ़, जनपद चन्दौली को करगरा मारकुण्डी मोड़ से ट्रैक्टर मय ट्राली के साथ गिरफ्तार किया गया तथा मौके से ट्रैक्टर में बैठा अभियुक्त फरार हो गया जिसकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है । । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढ़ोतरी की गयी । **पूछताछ विवरण-** गिरफ्तार बाल अपचारी ने पूछताछ में बताया कि मै और मेरा साथी ऋतिक यादव पुत्र स्व0 राजेश यादव निवासी महुआव खुर्द, थाना चोपन ने मिलकर दिनांक-28.03.2024 की रात्रि में मारकुण्डी से एक व्यक्ति के घर के सामने खड़ी ट्रैक्टर मय ट्राली चुराये थे जिसे हम लोग आज वाराणसी में बेचने के लिए जा रहे थे । **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण** 1.प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र। 2.उ0नि0 सुरेश चन्द्र द्विवेदी, चौकी प्रभारी गुरमा, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र। 3.आरक्षी सत्यम सरोज, आरक्षी इन्द्र सोनकर, चौकी गुरमा, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र।

# ऑरेंज कैप पर विराट कोहली का कब्जा बरकरार, टॉप-5 में हुई दिल्ली के मैच विनर की एंट्री

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 में रविवार को दो मैच खेले गए। पहले मैच में गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को 7 विकेट से हराया और दूसरे मैच में सीएसके को हराकर दिल्ली ने जीत का खाता खोला। 31 मार्च 2024 को आईपीएल के 17वें सीजन के दो मुकाबले खेले गए। पहले मैच में गुजरात की भिड़ंत हैदराबाद से हुई जिसमें गिल की टीम ने 7 विकेट से जीत हासिल की। दूसरे मैच में सीएसके को हराकर दिल्ली ने टूर्नामेंट में जीत का खाता खोला। इन मैच के बाद प्वाइंट्स टेबल ही नहीं बल्कि ऑरेंज कैप में भी बदलाव देखने को मिले। सीएसके के खिलाफ खेले गए मैच में दिल्ली टीम के ओपनर डेविड वॉर्नर ने अर्धशतकीय पारी खेली थी, जिसके दम पर दिल्ली ने 191 रन बनाए। डेविड वॉर्नर ने इस पारी के दम पर ऑरेंज कैप की लिस्ट में टॉप-5 में एंट्री कर ली हैं। हालांकि, हेनरिक से ऑरेंज कैप छीनने वाले विराट कोहली से अब तक ऑरेंज कैप कोई नहीं छीन सका। आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का ऑरेंज कैप पर कब्जा बरकरार हैं। आईपीएल 2024 में विराट कोहली ने केकेआर के खिलाफ 83 रन की उम्दा पारी खेली थी, जिसके बाद से उनके सिर ऑरेंज कैप सजी हुई हैं। दूसरे नंबर पर सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन हैं, जिन्होंने 3 मैचों में 167 रन बनाए हैं और उनकी नजरें कोहली के इस ऑरेंज कैप पर बनी हुई हैं। शिखर धवन ऑरेंज कैप की रेस में तीसरे स्थान पर हैं। सीएसके के खिलाफ मैच में 52 रन की पारी खेलने वाले डेविड वॉर्नर ने टॉप-5 की इस लिस्ट में एंट्री कर ली हैं। रियान पराग पांचवें स्थान पर 2 मैचों में 127 रन बनाकर मौजूद हैं।



## स्टार स्पिन गेंदबाज ने लिया टूर्नामेंट से नाम वापस

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** राजस्थान रायल्स के लेग स्पिनर एडम जांपा निजी कारणों से इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) से हट गए हैं। आस्ट्रेलिया के स्पिनर जंपा को राजस्थान रायल्स ने पिछले वर्ष की नीलामी से पहले 1.5 करोड़ रुपये में अपनी टीम में बनाए रखा था। आईपीएल 2024 के आगाज से ठीक पहले राजस्थान रॉयल्स को बड़ा झटका लगा है। राजस्थान के स्पिन गेंदबाज एडम जांपा ने निजी कारणों का हवाला देते हुए टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया है। जांपा ने पिछले सीजन खेले 6 मैचों में कुल 8 विकेट अपने नाम किए थे। राजस्थान को अपने पहले मैच में लखनऊ से भिड़ना है।

# वानखेड़े में गेंदबाजों की होगी चांदी या बल्लेबाज लगाएंगे रनों का अंबार, आंकड़ों के जरिए समझिए पिच का हाल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 में नए कप्तान हार्दिक पांड्या की कप्तानी



में मुंबई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही है। पहले गुजरात और फिर सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों पांच बार की चैंपियन मुंबई को हार का मुंह देखना पड़ा है। पहली जीत की तलाश में मुंबई अब सोमवार को अपने होम ग्राउंड पर राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी। राजस्थान की टीम जीत के विजयरथ पर सवार है और लगातार दो मैचों में दमदार प्रदर्शन करके वानखेड़े पहुंची है। लगातार दो मैचों में हार का मुंह देख चुकी मुंबई इंडियंस अपने अगले मैच में राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी। राजस्थान का प्रदर्शन अब तक इस टूर्नामेंट में कमाल का रहा है। टीम ने आखिरी मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को पटखनी दी थी। रियान पराग का बल्ला दोनों ही मैचों में जमकर बोला है। यह मुकाबला वानखेड़े के मैदान पर खेला जाएगा। मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच आईपीएल 2024 का 14वां मैच वानखेड़े के मैदान पर खेला जाएगा। वानखेड़े में बल्लेबाजों का एकतरफा राज रहता है। मुंबई के होम ग्राउंड पर रनों का अंबार लगता है और जमकर चौके-छक्कों की बरसात होती है। इस मैदान पर रनों पर लगाम लगाना गेंदबाजों के लिए काफी मुश्किल काम होता है। आउटफील्ड तेज होने की वजह से गेंद को बाउंड्री लाइन के पार पहुंचाना आसान रहता है। वानखेड़े के मैदान पर अब तक आईपीएल में कुल 109 मैच खेले गए हैं। इसमें से 50 में जीत पहले बल्लेबाजी करने वाल टीम के हाथ लगी है, जबकि 59 मैचों में मैदान चेज करने वाली टीम ने मारा है। यानी रनों का पीछा करने इस ग्राउंड पर फायदे का सौदा नजर आता है। मुंबई इंडियंस को आईपीएल 2024 में अपनी पहली जीत की तलाश है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ टीम के गेंदबाजों की जमकर धुनाई हुई थी। एसआरएच ने मुंबई के बॉलिंग अटैक से खिलवाड़ करते हुए आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया था। हालांकि, टीम के बल्लेबाजों का प्रदर्शन दमदार रहा था। 278 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम 246 रन बनाने में सफल रही थी।

## चिंगारी लग चुकी है अब आग मुंबई टीम के कप्तानी विवाद को लेकर बड़ी बात कह गए हरभजन सिंह

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के खेमे में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। आईपीएल 2024 के लिए हार्दिक पांड्या को कप्तानी सौंपने के फैसले का फैन्स जमकर विरोध कर रहे हैं। हाल ही में मुंबई ने एक वीडियो भी शेयर किया था, जिसमें रोहित शर्मा और हार्दिक गले मिलते हुए बिल्कुल सहज नजर नहीं आए थे। रोहित के हाव-भाव को देखकर लग रहा था कि वह टीम मैनेजमेंट के फैसले से खुश नहीं हैं। कप्तानी के इस विवाद को लेकर अब मुंबई के पूर्व खिलाड़ी हरभजन सिंह का भी बयान सामने आया है। मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2024 के लिए टीम की कमान हार्दिक पांड्या के हाथों में सौंपी है। रोहित शर्मा 10 साल बाद इंडियन प्रीमियर लीग में बतौर खिलाड़ी मैदान पर उतरेंगे। हरभजन सिंह ने रोहित की जगह हार्दिक को टीम की कमान दिए जाने के फैसले पर अपनी राय रखी है। भज्जी का कहना है कि मुंबई एक साल के लिए इस फैसले को टाल सकती थी। भज्जी ने आगे कहा, ठहालांकि, एक चीज जरूर है, पांच बार टीम को चैंपियन बनाने वाले, लगभग वर्ल्ड कप को जीतने वाले कप्तान को हटाए जाना काफी चौंकाने वाला है। शायद यह फैसला एक साल के लिए टाला जा सकता था। काबिलियत के हिसाब से हार्दिक पांड्या काफी बढ़िया कप्तान हैं।



# शुरू होगा फटाफट क्रिकेट का रोमांच, आईपीएल की चमचमाती ट्रॉफी को पाने के लिए होगी 10 टीमों के बीच जंग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** चुनावी महासमर के बीच शुक्रवार से देश में फटाफट क्रिकेट का खुमार छाएगा। चेनन्ई में शुक्रवार को पांच बार की चैंपियन चेनन्ई सुपर किंग्स और रायल चैलेंजर्स बैंगलुरु (आरसीबी) के बीच मुकाबले से इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के 17वें सत्र का बिगुल बजेगा। इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन का आगाज आज से होने जा रहा है। आईपीएल की ट्रॉफी को पाने के लिए कुल 10 टीमें एक-दूसरे से भिड़ती हुई नजर आएंगी। टूर्नामेंट के पहले मैच में चेनन्ई सुपर किंग्स की भिड़ंत रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के साथ होगी। बीसीसीआई ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए अभी सिर्फ 21 मैचों का शेड्यूल जारी किया है। अगले दो महीने तक चलने वाले इस जलसे में 10 टीमें चमचमाती ट्राफी के लिए जोर लगाएंगी। फाइनल मुकाबला 20 मई को खेला जाएगा। लोकसभा चुनाव के कारण आइपीएल के पहले चरण के कार्यक्रम की घोषणा की गई थी, जिसके मुकाबले सात अप्रैल तक खेले जाएंगे। बीसीसीआइ शेष कार्यक्रम जल्द घोषित करेगा। ये दूसरी बार होगा जब लोकसभा चुनाव के साथ आइपीएल का आयोजन भारत में ही होगा। उद्घाटन मुकाबले से पहले एमए चिदंबरम स्टेडियम में रंगारंग कार्यक्रम होगा, जिसमें बालीवुड अभिनेता अक्षय कुमार, टाइगर श्राफ, संगीतकार एआर रहमान व गायक सोनू निगम प्रस्तुति देंगे।



# माही आए और माही छाए 16 गेंद पर धोनी ने खेली नाबाद 37 रन की पारी नॉर्खिया की बिगाड़ी लाइन लेंथ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ माही मैजिक एक बार फिर देखने को मिला। विशाखपत्तनम में इस साल महेंद्र सिंह धोनी (श्ए अ्पदहग) को गेंद का सामना करते हुए धोनी ने गेंद को बाउंड्री के पार पहुंचा दिया। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ एमएस धोनी ने आखिरी ओवर में 20 रन कूटे। साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्खिया के ओवर गए थे। खलील ने अपने ओवर में धोनी के सामने दो वाइड बॉल की। चेनन्ई की पारी का आखिरी ओवर एनरिक नॉखिन्या लेकर आए। टीम को जीत के लिए 41 रन चाहिए थे। स्ट्राइक पर धोनी थे। पहली



बल्लेबाजी करते हुए देखने की फैंस की इच्छा पूरी हुई। शिवम दुबे के आउट होने के बाद एमएस धोनी इस सीजन पहली बार बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर आए और छाए भी। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ एमएस धोनी ने आखिरी ओवर में 20 रन कूटे। साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिक नॉखिन्या के ओवर में दो चौके और दो छक्के लगाए। धोनी ने पहली ही गेंद पर अपनी मंशा जाहिर कर दी थी। मुकेश कुमार की पहली में दो चौके और दो छक्के लगाए। धोनी ने पहली ही गेंद पर अपनी मंशा जाहिर कर दी थी। मुकेश कुमार की पहली गेंद का सामना करते हुए धोनी ने गेंद को बाउंड्री के पार पहुंचा दिया। इसके बाद धोनी ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। चेनन्ई की पारी के 16.6 ओवर में मुकेश की ही गेंद पर धोनी एक और चौका जड़ा। इसके बाद 17.5 ओवर में खलील अहमद की गेंद पर पहला अपना पहला सिक्स जड़ा। धोनी को देखकर खलील भी डर गेंद धोनी ने एक्स्ट्रा कवर की तरफ से चौका जड़ा। दूसरी गेंद पर धोनी ने लो फुलटॉस गेंद पर डीप मिडविकेट पर सिक्स जड़ा। ओवर की चौथी गेंद पर लॉन्ग ऑन बाउंड्री की तरफ चौका जड़ा। पारी की आखिरी गेंद पर डीप प्वाइंट पर सिक्स जड़कर अपने स्टाइल में पारी समाप्त की। नॉखिन्या के ओवर में 20 रन बने और चेनन्ई 20 रन से मैच हार गई। धोनी ने 16 गेंद पर नाबाद 37 रन की पारी खेली। इस दौरान 4 चौके और 3 छक्के लगाए।

# कौन है चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की पत्नी उत्कर्षा पवार क्रिकेट में खूब कमा चुकी हैं नाम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 के लिए चेन्नई सुपरकिंग्स ने रुतुराज गायकवाड़ को कप्तान बनाया है। सीएसके ने गुरुवार को पुष्टि की है कि एमएस धोनी ने कमान रुतुराज



गायकवाड़ को सौंपी। गायकवाड़ की आईपीएल यात्रा सीएसके के साथ शानदार रही है और उन्हें धोनी का उत्तराधिकारी माना जा रहा था। चेन्नई सुपरकिंग्स के नए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की पत्नी उत्कर्षा पवार भी क्रिकेट खेल चुकी हैं। रुतुराज गायकवाड़ और उत्कर्षा पवार की शादी 3 जून 2023 को हुई थी। उत्कर्षा ने महाराष्ट्र के लिए क्रिकेट खेला है और वो दाएं हाथ से मध्यम तेज गेंदबाजी करती थीं। उत्कर्षा का नाम विमेंस प्रीमियर लीग की नीलामी में आया था। उनकी बेस प्राइस 10 लाख रुपये थी। रुतुराज गायकवाड़ की पत्नी उत्कर्षा पवार भी एक क्रिकेटर रह चुकी हैं। वो महाराष्ट्र टीम का कई स्तर पर प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। उत्कर्षा ऑलराउंडर हैं। उनकी दाएं हाथ की मध्यम तेज गति की गेंदबाजी काफी उपयोगी साबित होती थी। 2015 से लेकर 2018 तक उन्होंने महाराष्ट्र वेस्ट जोन अंडर-19 और वेस्ट जोन अंडर-23 का प्रतिनिधित्व किया। टीम इंडिया सी के लिए खेलना भी उत्कर्षा के लिए गर्व वाला पल रहा। जब से रुतुराज गायकवाड़ को कप्तान बनाया गया तो गूगल पर उनकी पत्नी के बारे में लोग खोज करने लगे। चलिए हम आपको रुतुराज गायकवाड़ की पत्नी के बारे में बताते हैं। रुतुराज गायकवाड़ ने 3 जून 2023 को उत्कर्षा पवार के साथ शादी की।

# दिल्ली की जीत से प्वाइंट्स टेबल पर केकेआर ने किया कब्जा, चेन्नई सुपर किंग्स समेत इन टीमों को हुआ भारी नुकसान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने सीएसके को 20 रन से हराकर आईपीएल 2024 में जीत का खाता



खोल लिया। दिल्ली कैपिटल्स ने रविवार को आईपीएल 2024 के 13वें मैच में चेनन्ई सुपर किंग्स को 20 रन से मात देकर टूर्नामेंट में अपनी जीत का खाता खोला। इस जीत के साथ ही आईपीएल 2024 की प?वाइंट्स टेबल में बड़ा फेरबदल देखने को मिला है। दिल्ली कैपिटल्स ने लंबी छलांग लगाई और सातवां स?थान हासिल किया। केकेआर ने सीएसके से टॉप पोजिशन छीन ली। जानें टॉप-4 की टीमें। दिल्ली कैपिटल्स को इस जीत से फायदा मिला, लेकिन दिल्ली से भी ज्यादा फायदा केकेआर की टीम को हुआ, जो प्वाइंट्स टेबल के पहले स्थान पर पहुंच गई, जबकि दिल्ली कैपिटल्स ने जीत के साथ सातवां स्थान हासिल किया। विशाखापट्टनम में खेले गए मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल?लेबाजी की और निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 191 रन बनाए। इसके जवाब में चेनन्ई सुपर किंग?स की टीम 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 171 रन बना सकी। दिल्ली ने 20 रन से सीएसके को हराया। इसके अलावा रविवार को डबल हेडर के पहले मैच में गुजरात ने सनराइजर्स हैदराबाद को 7 विकेट से मात दी। ऐसे में सुपर संडे के बाद प्वाइंट्स टेबल में बड़ा फेरबदल हुआ।केकेआर की टीम आईपीएल 2024 की प्वाइंट्स टेबल में 2 मैचों में 2 जीत के साथ 1.047 नेट रन रेट के चलते पहले पायदान पर पहुंच गई। सीएसके टीम दिल्ली से मिली हार के बाद 4 अंक के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गई हैं। तीसरे पायदान पर राजस्थान रॉयल्स 4 अंक के साथ है, जिसका नेट रन रेट 0.800 का है। चौथे स्थान पर गिल क गुजरात टाइटंस 4 अमक के साथ -0.738 नेट रन रेट के साथ मौजूद है।



इस सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संवत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा। भागदौड़ बनी रहेगी।

इस सप्ताह आत्म संवत रहने की आवश्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के

मन में आशा-निराशा बनी रहेगी। नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। नौकरी में कार्यभार में बढ़ोतरी

सप्ताह के शुरूआत से वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना

सप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा। शिक्षा से जुड़े काम में

इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में

नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों

इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें।

नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें।

परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव

मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

# पाकिस्तान की पूर्व कप्तान जावरिया खान ने लगाया 15 साल लंबे करियर पर ब्रेक, भावुक पोस्ट के साथ इंटरनेशनल क्रिकेट को कहा अलविदा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की पूर्व कप्तान जावरिया खान ने 15 साल लंबे इंटरनेशनल क्रिकेट पर फुल स्टॉप लगा दिया है। जावरिया ने 35 साल की उम्र में इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहा। जावरिया ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भावुक पोस्ट शेयर किया। हालांकि, पाकिस्तान की स्टार बैटर विदेशी लीग में रंग जमाती हुई नजर आएगी। पाकिस्तान की पूर्व कप्तान जावरिया खान ने इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। जावरिया खान ने साल 2008 में इंटरनेशनल क्रिकेट में अपना डेब्यू किया था। जावरिया ने पाकिस्तान की ओर से कुल 116 वनडे मैच खेले। इस दौरान खेली 113 पारियों में जावरिया ने 28.56 की औसत से 2885 रन बनाए। स्टार बैटर ने अपने एकदिवसीय करियर में दो शतक और 15 अर्धशतक जमाए। जावरिया खान ने साल 2008 में इंटरनेशनल क्रिकेट में अपना डेब्यू किया था। जावरिया ने पाकिस्तान की ओर से कुल 116 वनडे मैच खेले। इस दौरान खेली 113 पारियों में जावरिया ने 28.56 की औसत से 2885 रन बनाए। स्टार बैटर ने अपने एकदिवसीय करियर में दो शतक और 15 अर्धशतक जमाए। जावरिया ने अपने टी-20 इंटरनेशनल करियर का आगाज साल 2009 में किया था। क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में जावरिया ने खेले 112 मैचों में 2018 रन जड़े। टी-20 क्रिकेट में जावरिया ने 10 फिफ्टी जमाई। बल्ले के साथ-साथ जावरिया ने गेंद से भी कमाल दिखाया। वनडे में जावरिया ने 17 और टी-20 में 11 विकेट अपने नाम किए। जावरिया खान पाकिस्तान की ओर वनडे और टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली दूसरी बैटर हैं। टीम की ओर से जावरिया से ज्यादा रन सिर्फ बिस्माह मारूफ ने बनाए हैं। जावरिया ने पाकिस्तान की तरफ से चार वनडे वर्ल्ड कप में हिस्सा लिया। इसके साथ ही वह आठ टी-20 विश्व कप में टीम का हिस्सा भी रहीं। जावरिया ने पाकिस्तान की 17 वनडे और 16 टी-20 मैचों में कप्तानी की। जावरिया साल 2010 और 2014 के एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने वाली पाकिस्तान टीम का भी हिस्सा रहीं।



# सम्पादकीय

## तालिबान से सब परेशान तीन साल में अफगानिस्तान के हालात बद से बदतर हुए

तालिबान के काबुल पर कब्जे के लगभग तीन साल होने को आए हैं, पर वहां हालात बदतर ही हुए हैं। महिलाओं एवं पत्रकारों पर जुल्म बढ़ते जा रहे हैं।अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जे के लगभग तीन साल होने को आए हैं, लेकिन हालात वहां बद से बदतर हो गए हैं। जब उन्होंने दूसरी बार सत्ता पर कब्जा किया, तो ऐसा लगा था कि वह वैसी सत्ता नहीं चाहते, जैसी पहले रह चुकी है। उन्होंने दुनिया को बताया था कि वह महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करेंगे, लेकिन ऐसा किया नहीं। इससे तालिबान सकार पूरी दुनिया के साथ-साथ अपनी जनता में भी भरोसा पैदा नहीं कर पाई है। यही वजह है कि अब तक उसे किसी भी देश ने मान्यता नहीं दी है। तालिबान ने हाल ही में स्टेडियम में एक शख्स को सार्वजनिक रूप से फांसी दी थी। इसका कोई कारण नहीं बताया गया। बाद में इतना जरूर कहा गया कि सरकार ने अपने सवीच्च नेता हिब्तुल्ला अखुंदजादा से मंजूरी लेने के बाद ही फांसी दी थी। पिछले तीन साल में सार्वजनिक फांसी की यह चौथी घटना थी। इससे अफगान नागरिकों का तालिबान से विश्वास उठ गया है। उनका मानना है कि तालिबान अपने दुश्मनों का इसी तरह से सफाया कर रहा है। तालिबान ने महिला पत्रकारों को लेकर नया फरमान जारी किया है कि वे बड़े पैमाने पर मीडिया प्लेटफॉर्म पर तब तक न जाएं, जब तक उन्होंने शरीयत के हिसाब से पूरी पोशाक न पहनी हो। उनकी सिर्फ आंखें ही दिखाई दें और बाकी चेहरे का हिस्सा ढका हुआ होना चाहिए। ऐसा नहीं करने पर उन्हें सजा दी जाएगी। गौरतलब है कि अफगान महिलाएं पहले से ही नौकरी करने को लेकर बड़े पैमाने पर पाबंदी झेल रही हैं। महिलाओं की शिक्षा पर तो पाबंदी है ही, उन्हें ब्यूटी पार्लर में भी काम करने की भी इजाजत नहीं है। तालिबान ने बिना पारिवारिक मर्द के महिलाओं की हवाई यात्रा पर भी पाबंदी लगा रखी है। हालांकि तालिबान सरकार ने अपनी जरूरत के मद्देनजर महिलाओं को मेडिकल में दाखिला लेने की इजाजत दे दी है। तालिबान सरकार पत्रकारों को भी स्वतंत्रता से काम करने नहीं दे रही। ऐसे 168 मामले सामने आए हैं, जिनमें पत्रकारों को पीटा गया अथवा गिरफ्तार किया गया है। पत्रकार संगठनों की आलोचना और मांग के बाद तालिबान सरकार ने भरोसा दिलाया है कि जिन पत्रकारों को जेल में डाला गया है, उन्हें जल्दी रिहा कर दिया जाएगा। हाल ही में कांधार में एक आतंकवादी हमले में कई लोग मारे गए और कई जख्मी भी हुए। उस घटना की जिम्मेदारी आईएस ने ली। अफगानिस्तान में इस्लामिक स्टेट के आतंकवादी कम से कम दो से ढाई हजार की संख्या में हैं। गौरतलब है कि अफगान तालिबान और आईएस एक-दूसरे के कट्टर विरोधी हैं। इसके अलावा, हजारों की संख्या में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के लड़ाके अफगानिस्तान में छिपे हुए हैं, जो समय-समय पर पाकिस्तान में घुसकर आतंकी घटनाओं को अंजाम देते हैं। हाल ही में टीटीपी ने पाकिस्तान में एक सैनिक चौकी पर हमला किया, जिसमें कई सैन्य अफसर व सैनिक मारे गए। इसके दो दिन बाद ही जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में टीटीपी के गुप्त ठिकानों पर जवाबी हमले किए, जिसमें कई बेकसूर महिलाओं व बच्चों की मौत हो गई। इसके बाद से दोनों देशों में तनाव बढ़ गया है। अमेरिका ने दोनों देशों को संयम बरतने की सलाह दी है। जहां तक भारत की बात है, तो हाल ही में भारत का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल काबुल में तालिबान के नेताओं से मिला था और बैठक में दोनों देशों के रिश्तों और आर्थिक संबंधों पर बातचीत हुई थी। तय हुआ था कि दोनों देश ईरान के सहयोग से चारबहार बंदरगाह के जरिये व्यापार करेंगे। इस बंदरगाह को पाकिस्तान की ग्वादर बंदरगाह के विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि भारत ने अफगानिस्तान को अभी तक मान्यता नहीं दी है। वहां अल्पसंख्यक हिंदू व सिख गिनती के ही रह गए हैं, जो वहां से निकलने की फिराक में हैं। सीएए के अनुसार, वहां 20 लाख से ज्यादा हिंदू और सिख थे, जिनमें से अधिकतर भारत आ चुके हैं और उन्हें नागरिकता दी जा रही है। बहुत से खिलाड़ी, संगीतज्ञ व रंगमंच कलाकार तालिबान के अत्याचारों से तंग आकर देश से पलायन कर गए हैं। तालिबान पर किसी भी सूरत में भरोसा नहीं किया जा सकता। वे अपने वादों को पूरा नहीं कर पा रहे हैं, जिससे अफगान नागरिकों का जीना मुश्किल हो गया है। इसलिए जरूरी है कि अब अंतरराष्ट्रीय बिरादरी मानवीय आधार पर इसमें दखल दे और हालात को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए।

## कचरा सिर्फ पर्यावरणीय समस्या नहीं, अपनी जीवन शैली में लाना होगा बदलाव

विभिनन्‍प्रयासों से पिछले दस वर्षों में कचरा प्रबंधन बेहतर हुआ है, पर अब भी ग्रामीण लोग इन गतिविधियों से कोसों दूर हैं। संयुक्त राष्ट्र के आह्वान पर आज यानी 30 मार्च को पूरी दुनिया में शून्य कचरा अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। 14 दिसंबर, 2022 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रतिवर्ष 30 मार्च को अंतरराष्ट्रीय शून्य अपशिष्ट दिवस के रूप में घोषित करने के लिए एक प्रस्ताव अपनाया था। विश्व के बहुत से देशों ने कचरे से निजात पाने का संकल्प लिया था, लेकिन



वास्तविकता यह है कि कचरे की मात्रा कम होने के बजाय निरंतर बढ़ती जा रही है। यदि वर्तमान में उत्पनन्‍ कचरे की मात्रा का आकलन किया जाए, तो वह इतनी ज्यादा है कि पृथ्वी की भूमध्य रेखा की 25 परिधि बन जाए या चंद्रमा तक आने-जाने का सफर पूरा हो जाए। कचरे के पैदा होने और कुप्रबंधन से जल, थल और नभ प्रदूषित होते हैं, नतीजतन मानव सभ्यता पर इसका खतरा बढ़ता जा रहा है। हमारे देश में स्वच्छ भारत अभियान के तहत कई कदम उठाए गए। लेकिन प्रति व्यक्ति कचरा उत्पादन की दर में वृद्धि ही हुई है। वर्तमान संदर्भ में विभिनन्‍प्रयासों के माध्यम से कचरा संग्रहण और प्रसंस्करण की दर विगत 10 वर्षों में बढ़ी है, लेकिन अब भी बड़ी आबादी, विशेष तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग कचरा प्रबंधन की गतिविधियों से कोसों दूर हैं। सुदूर ग्रामीण इलाकों तक उपभोक्तावादी संस्कृति के प्रसार के कारण प्रति व्यक्ति कचरा उत्पादन दर में कई गुना वृद्धि हुई है। पहले यह माना जाता था कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर ही कचरे का निस्तारण हो जाता है, क्योंकि उसमें अधिकांश भाग जैविक कचरे का होता था। लेकिन अब प्लास्टिक, कागज, पैकेजिंग इत्यादि ने आम ग्रामीणों के जीवन में जगह बना ली है, जिससे कचरे की मात्रा में बढ़ोतरी हुई है। अगले कुछ वर्षों में 50 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की महत्वाकांक्षा रखने वाले देश में कचरा प्रबंधन की समुचित व्यवस्था आवश्यक है, क्योंकि अर्थव्यवस्था के विकास के साथ प्रति व्यक्ति कचरा उत्पादन में भी वृद्धि होती है। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि यदि कचरा उत्पादन की यही गति जारी रही, तो वर्ष 2050 तक नियंत्रित एवं अनियंत्रित कचरे की मात्रा वर्ष 2020 की तुलना में दोगुने से भी अधिक हो जाएगी और उसके निष्पादन हेतु आवश्यक संसाधन जुटाना मुश्किल होगा, जिससे आबादी बुरी तरह प्रभावित होगी। कचरे की बढ़ी हुई मात्रा के निस्तारण के लिए भूमि संसाधन भी अपर्याप्त होंगे। ऐसे में एक ही विकल्प बचता है कि प्रति व्यक्ति कचरा उत्पादन को कम किया जाए। दुर्भाग्यवश अभी तक इस दिशा में कोई ठोस प्रयास नहीं हो रहे हैं। वर्तमान प्रयास कचरा संग्रहण, पृथक्कीकरण एवं निस्तारण तक ही सीमित हैं। तमाम प्रयासों के बावजूद लगभग दो तिहाई कचरे का वैज्ञानिक रूप से निस्तारण नहीं हो पाता है। खुले में कचरा फेंक देने से जहां प्रदूषण एवं बीमारियां बढ़ने का डर रहता है, वहीं कचरे में आग लगने की घटनाएं भी देखी जाती हैं।

## ग्लैमर की दुनिया से राजनीति के मैदान में अभी कंगना रनौत को सीखना होगा राजनीति का ककहरा

राजनीति में नवागंतुक कंगना को पार्टी के जमीनी लोगों और मतदाताओं से घुलना-मिलना होगा, ताकि उन्हें लगे कि वह एक आम कार्यकर्ता हैं।उननीसवीं सदी के विक्टोरियन यथार्थवादी दार्शनिक



थॉमस हार्डी के 'अवसर और नियति' के दर्शन के अनुरूप एक अनजान दुनिया में खुद को स्थापित करना उनका अकल्पनीय सपना था। इसलिए वह फिल्म उद्योग में अपनी किस्मत आजमाने मुंबई की खतरनाक यात्रा पर निकल पड़ीं, जहां वह विजयी होकर उभरीं। कंगना के लिए मुंबई की ग्लैमरस जिंदगी से अनिश्चित राजनीतिक क्षेत्र में कदम रखना पूर्वनिर्धारित लगता है, जो उन्हें अपने पहाड़ी राज्य के लोगों की सेवा का अवसर दे सकता है। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के भांबाला गांव की लड़की कंगना रनौत की इतनी बड़ी सफलता का श्रेय उनके दृढ़ संकल्प, प्रतिबद्धता और इच्छाशक्ति को दिया जा सकता है। बॉलीवुड की सबसे सफल अभिनेत्रियों में से एक और हिंदुत्व विचारधारा तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कट्टर समर्थक कंगना रनौत मंडी लोकसभा सीट से राजनीति के नए क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए तैयार हैं, जिससे मुकाबला फिल्मी अंदाज में पलट सकता है। लगता है कि कंगना ने अपने कॅरिअर की दूसरी पारी के लिए अपने पत्ते अच्छे से खेले और भाजपा के उन वरिष्ठ नेताओं को पछाड़ दिया, जो दशकों से पार्टी के प्रति समर्पित थे। कंगना ने अपने परिवार से विद्रोह किया, जो उनके बॉलीवुड में जाने के खिलाफ थे, क्योंकि फिल्म उद्योग अनिश्चिंतताओं एवं दुविधाओं से भरा है, भले ही अवसर काफी हों। कंगना के माता-पिता चाहते थे कि वह डॉक्टर बने, लेकिन उन्होंने मेडिकल प्रवेश परीक्षा ही नहीं दी। कम आय होने पर रोटी एवं अचार पर गुजारा करने के बावजूद उन्होंने बॉलीवुड में अपनी जगह बनाई। हालांकि मुंबई में अपना घर नहीं होने और बढ़ते कर्ज के कारण उनके जीने का संघर्ष बढ़ गया था। कंगना स्पष्टवादी इंसान हैं, जो खुद को 'जिद्दी और विद्रोही' बता सकती हैं। कंगना रनौत को आगे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि सक्रिय राजनीति फिल्मी परी कथाओं जैसी नहीं होती है। अनिवार्य रूप से मतदाता उनसे एक पूर्णकालिक राजनेता होने की उम्मीद करेंगे। इसके लिए उन्हें मंडी को अपना स्थायी निवास स्थान बनाना होगा, ताकि लोग उनसे अपनी शिकायतों के निवारण के लिए संपर्क कर सकें। विश्लेषकों का मानना है कि राजनीति का अनुभव नहीं होने के कारण उन्हें असाधारण मेहनत करनी होगी, हालांकि मोदी के करिश्मे और भारी लोकप्रियता से यह संभव हो सकता है। साथ ही, उन्हें भाजपा के अनुशासित कार्यकर्ताओं, विशाल संसाधनों और आरएसएस की चुनावी मशीनरी का समर्थन भी मिलेगा। 2021 में हुए मंडी लोकसभा उपचुनाव में कांग्रेस की प्रतिभा सिंह ने भाजपा से यह सीट छीन ली थी, जो मुख्यतः दिवंगत वीरभद्र सिंह के प्रति सहानुभूति के कारण थी, लेकिन राजनीतिक माहौल अब बदल गया है, क्योंकि कांग्रेस अव्यवस्थित है, जिससे कंगना को फायदा हो सकता है। यह एक संयोग ही था कि कंगना को उनके 37वें जन्मदिन पर 23 मार्च को मंडी लोकसभा सीट से टिकट दिए जाने की खुशखबरी मिली। खुद को दक्षिणपंथी विचारधारा से जोड़ने वाली और कट्टर मोदी समर्थक बताने वाली कंगना का आरएसएस से घनिष्ठ संबंध रहा है। यही वजह है कि राजनीति का अनुभव नहीं होने के बावजूद पार्टी ने उन्हें टिकट दिया। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी हिमाचल प्रदेश से हैं और कंगना को टिकट दिलाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके अलावा उन्हें केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर का भी समर्थन हासिल है, जो राज्य के हमीरपुर जिले के हैं। सक्रिय राजनीति में प्रवेश करने की अपनी महत्वाकांक्षा पूरी होने के बाद बेहद उत्साहित कंगना ने कहा, 'मैं अपने जन्मस्थान हिमाचल प्रदेश से चुनाव लड़ने का मौका देने के लिए भाजपा नेतृत्व का आभार व्यक्त करती हूं।कंगना और विवाद एक-दूसरे के पर्यायवाची हो गए हैं। अक्सर वह अपने विवादित बयानों के कारण सुर्खियों में रहती हैं। बार-बार उल्लंघन के कारण ट्वीटर ने भी उनके खाते को स्थायी रूप से निलंबित कर दिया था, लेकिन बाद में प्रतिबंध हटा लिया गया। विशेषज्ञों का कहना है कि राजनीति में नवागंतुक होने के कारण कंगना को अपनी फिल्मी शैली से दूर रहना होगा और जमीनी स्तर के पार्टी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के साथ घुलना-मिलना होगा, ताकि उन्हें लगे कि वह एक आम आदमी की तरह हैं, न कि बॉलीवुड की फिल्म स्टार। उन्हें अपने व्यक्तित्व में इस तरह के बदलाव से गुजरना होगा।

## अंतरराष्ट्रीय राजनीतिः बड़ी शक्तियों से परे भी एक दुनिया है

फिलीपीन की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता के बारे में गंभीर चिंता व्यक्त करके भारत इस क्षेत्र की अन्य शक्तियों को बता रहा है कि महान शक्तियों की प्रतिद्वंद्विता से परे भी एक दुनिया है। दक्षिण चीन सागर में चीन के आक्रामक रुख को उभरती शक्तियों के समूह द्वारा दबाव बनाकर शांतिपूर्वक नियंत्रित किया



जा सकता है।दक्षिण चीन सागर में फिलीपीन के क्षेत्रीय दावे पर चीन के आक्रामक रुख से भारत को अरुणाचल प्रदेश में अपनी संप्रभुता पर चीन के अतिक्रमण के खिलाफ पलटवार करने का अवसर मिला है। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा द्वारा चीनी डेवलपर बाइटडांस की सोशल मीडिया सेवा 'टिकटॉक' पर प्रतिबंध को मंजूरी देने से निराश बीजिंग अचानक अपने राष्ट्रवादी रुख के प्रति संवेदनशील हो गया है और पड़ोस में अपने क्षेत्रीय दावों के प्रति कठोर रवैया अपना रहा है। अरुणाचल प्रदेश पर दावा जताने के तुरंत बाद चीन दक्षिण चीन सागर में स्थित स्प्रैटली द्वीप समूह में फिलीपीन की संप्रभुता को कमजोर करने के अपने मंसूबों को लेकर काफी आक्रोश में है। चीन की इस नई आक्रामकता का भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने खुला विरोध किया है, जो दक्षिण पूर्व एशिया के तीन देशों के दौरे पर थे। विगत 26 मार्च को मनीला की यात्रा के दौरान उन्होंने दक्षिण चीन सागर के द्वीपों पर फिलीपीन के दावों के बारे में उसकी राष्ट्रीय संप्रभुता को बनाए रखने के प्रति भारत के समर्थन को दृढ़ता से दोहराया। उन्होंने कहा कि समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (यूएनसीएलओएस) को 'समुद्र का संविधान' माना गया है और सभी देशों से आग्रह किया गया है कि वे इसका 'अक्षरशः एवं भावों में' पूरी तरह से पालन करें। दक्षिण चीन सागर की स्थिति पर करीब से नजर डालते हुए अमेरिकी उप रक्षा मंत्री ने मई, 2015 में सीनेट की बैठक में पुष्टि की कि वियतनाम ने 48 चौकियां स्थापित की हैं, फिलीपीन ने आठ, मलयेशिया ने पांच और ताइवान ने स्प्रैटली द्वीप समूह में एक चौकी स्थापित की है। छोटे पैमाने पर, वियतनाम और फिलीपीन ने दशकों तक द्वीप निर्माण जारी रखा। चीन बदलती जमीनी हकीकत के प्रति देर से जागा, लेकिन उसने अभूतपूर्व पैमाने पर द्वीप निर्माण शुरू किया। वर्ष 2014 से 2016 के बीच चीन ने पूरे इतिहास में अन्य सभी देशों द्वारा निर्मित द्वीपों की तुलना में सबसे ज्यादा नए द्वीपों का निर्माण किया और अपने सैन्य उपकरण भी तैनात किए। विशेषज्ञों ने दक्षिण चीन सागर में चीनी कार्रवाई को 'धीरे-धीरे नष्ट करने' की रणनीति बताया है। दक्षिण चीन सागर में और अधिक गिरावट से बचने के लिए जुलाई 2016 में यूएनसीएलओएस के तहत गठित मध्यस्थता न्यायाधिकरण ने दक्षिण चीन सागर में चीन के दावों के खिलाफ फैसला सुनाया। हालांकि चीन और ताइवान, दोनों ने स्पष्ट रूप से कहा कि वे न्यायाधिकरण को नहीं मानते हैं और इस मामले को अन्य दावेदारों के साथ द्विपक्षीय बातचीत से सुलझाया जाना चाहिए। जनवरी, 2022 में अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने दक्षिण चीन सागर में चीनी दावे को 'गैर-कानूनी' बताया। दक्षिण चीन सागर वैश्विक व्यापार के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि सालाना 33.7 खरब डॉलर मूल्य का व्यापारिक सामान इससे होकर गुजरता है। चीन के लिए इस क्षेत्र के महत्व को कोई भी समझ सकता है, क्योंकि उसकी 80 प्रतिशत ऊर्जा और देश के कुल व्यापार का अनुमानित 39.5 प्रतिशत दक्षिण चीन सागर से होकर ही गुजरता है। यह क्षेत्र तेल और प्राकृतिक गैस भंडार से समृद्ध है। चीनी भूवैज्ञानिक संसाधन और खनन मंत्रालय के अनुसार, दक्षिण चीन सागर में 17.7 अरब बैरल कच्चा तेल हो सकता है, जो तेल समृद्ध कुवैत के 13 अरब बैरल के भंडार से बड़ा है। ऐसे उच्च महत्व वाले क्षेत्र में चीन के आक्रामक व्यवहार द्वारा अन्य देशों की जल संप्रभुता के उल्लंघन और द्वीपों पर क्षेत्रीय दावे का न सिर्फ भारत ने विरोध किया है, बल्कि फिलीपीन, वियतनाम और इंडोनेशिया सहित कई अन्य एशियाई देशों ने भी विरोध किया है। कई एशियाई देशों की क्षेत्रीय अखंडता को कमजोर करने वाली चीनी कार्रवाइयों के प्रति भारत की सीधी टक्कर ने हिंद-प्रशांत दृष्टिकोण के प्रति इसकी रणनीति में एक नए मोड़ का संकेत दिया है। नई दिल्ली तेजी से हिंद-प्रशांत के विशाल भौगोलिक क्षेत्रों में 'समान विचारधारा वाले देशों' द्वारा 'नियम-आधारित व्यवस्था' के जरिये चीन पर नियंत्रण करने के विचारों से सहमत होती दिख रही है। कहा जा सकता है कि बीजिंग के आक्रामक एकपक्षवाद को रोकने के लिए भारत हिंद-प्रशांत स्तर पर 'सहकारी बहुपक्षवाद' को कायम कर रहा है। क्षेत्रीय सहयोग में 'आसियान केंद्रीयता' का समर्थन करके भारत ने इस क्षेत्र में न सिर्फ आर्थिक, बल्कि रणनीतिक संबंध बनाने के लिए अपनी 'एक्ट ईस्ट' नीति को पुनर्जीवित किया है। नई दिल्ली आसियान सदस्यों को एक ऐसे संभावित समूह के रूप में देखती है, जो सामूहिक रूप से बीजिंग पर 'नियम आधारित उदार व्यवस्था' का पालन करने के लिए दबाव डाल सकते हैं, जो चीन के क्षेत्रीय अलगाव का कारण बन सकता है। अपनी बदली हुई मानसिकता के तहत भारत ने फिलीपीन के साथ रणनीतिक रूप से खुद को जोड़ा है। भारत ने फिलीपीन को परमाणु-सक्षम सुपरसोनिक ब्रह्मोस क्रूज मिसाइलें बेचने का फैसला किया, जो भारत-रूस सहयोग का एक उत्पाद है। भारत ने वियतनाम और इंडोनेशिया के साथ अपनी रणनीतिक निकटता को भी प्राथमिकता दी है। लगता है कि भारत ने बीजिंग का प्रतिकार करने के लिए 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' के ढांचे में 'उभरती शक्ति कूटनीति' को व्यक्त किया है। भारत की 'उभरती शक्ति कूटनीति' हिंद-प्रशांत ढांचे के तहत परिकल्पित वैश्विक रणनीतिक दृष्टि से बेहतर ढंग से मेल खाती है। इस क्षेत्र में कई उभरती हुई शक्तियां हैं, जो हिंद-प्रशांत समूह के भीतर एक छोटा समूह बनाने में सक्षम हैं, और चीन को प्रभावी ढंग से नियंत्रित कर सकती हैं। एशिया की उभरती शक्तियों में लगातार बढ़ते चीन-अमेरिका विवाद को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने की क्षमता है। फिलीपीन की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता के बारे में गंभीर चिंता व्यक्त करके भारत इस क्षेत्र की अन्य शक्तियों को बता रहा है कि महान शक्तियों और उनकी कटु प्रतिद्वंद्विता से परे भी एक दुनिया है। दक्षिण चीन सागर में चीन के आक्रामक रुख को उभरती शक्तियों के समूह द्वारा दबाव बनाकर शांतिपूर्वक नियंत्रित किया जा सकता है। फिलीपीन पर अपना स्टैंड लेने से भारत को चीन और अमेरिका के बीच कड़वाहट कम करने की एक नई भूमिका मिली है।

## विकसित भारत की संकल्प शक्ति बनेंगे उनके विचार

स्वामी आत्मास्थानंद जी की तरह ही, स्वामी स्मरणानंद जी ने अपना पूरा जीवन आचार्य रामकृष्ण परमहंस, माता शारदा और स्वामी विवेकानंद के विचारों के वैश्विक प्रसार को समर्पित किया। स्वामी स्मरणानंद जी महाराज के विचार शाश्वत हैं, जो आने वाले समय में विकसित भारत



और अमृत काल की संकल्प शक्ति बनेंगे। लोकसभा चुनाव के महापर्व की भागदौड़ के बीच एक ऐसी खबर आई, जिसने मन-मस्तिष्क में कुछ पल के लिए एक ठहराव-सा ला दिया। भारत की आध्यात्मिक चेतना के प्रखर व्यक्तित्व श्रीमत स्वामी स्मरणानंद जी महाराज का समाधिस्थ होना, व्यक्तिगत क्षति जैसा है। कुछ वर्ष पहले स्वामी आत्मास्थानंद जी का महाप्रयाण और अब स्वामी स्मरणानंद का अनंत यात्रा पर प्रस्थान कितने ही लोगों को शोक संतप्त कर गया है। मेरा मन भी करोड़ों भक्तों, संत जनों और रामकृष्ण मठ एवं मिशन के अनुयायियों-सा ही दुखी है। इस महीने की शुरुआत में, अपनी बंगाल यात्रा के दौरान मैंने अस्पताल जाकर स्वामी स्मरणानंद जी के स्वास्थ्य की जानकारी ली थी। स्वामी आत्मास्थानंद जी की तरह ही, स्वामी स्मरणानंद जी ने अपना पूरा जीवन आचार्य रामकृष्ण परमहंस, माता शारदा और स्वामी विवेकानंद के विचारों के वैश्विक प्रसार को समर्पित किया। यह लेख लिखते समय मेरे मन में उनसे हुई मुलाकातें, उनसे हुई बातें, वे स्मृतियां जीवंत हो उठी हैं। जनवरी, 2020 में बेलूर मठ में प्रवास के दौरान, मैंने स्वामी विवेकानंद जी के कमरे में बैठकर ध्यान किया था। उस यात्रा में मैंने स्वामी स्मरणानंद जी से स्वामी आत्मास्थानंद जी के बारे में काफी देर तक बात की थी। आप जानते है कि रामकृष्ण मिशन और बेलूर मठ के साथ मेरा कितना आत्मीय संबंध रहा है। अध्यात्म के एक जिज्ञासु के रूप में, पांच दशक से भी ज्यादा के समय में, मैं भिनन्‍-भिनन्‍ संत-महात्माओं से मिला हूं, अनेकों स्थलों पर रहा हूं। रामकृष्ण मठ में भी मुझे अध्यात्म के लिए जीवन समर्पित करने वाले जिन संतों का परिचय प्राप्त हुआ था, उसमें स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानंद जी जैसे व्यक्तित्व प्रमुख थे। उनके पावन विचारों और उनके ज्ञान ने मेरे मन को निरंतर संतुष्टि दी। जीवन के सबसे महत्वपूर्ण कालखंड में ऐसे ही संतों ने मुझे जन सेवा ही प्रभु सेवा का सत्य सिद्धांत सिखाया। स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानंद जी का जीवन, रामकृष्ण मिशन के सिद्धांत 'आत्मनो मोक्षार्थ जगद्धिताय च' का अमिट उदाहरण है।

संक्षिप्त समाचार

## आखिर क्यों यह किताब बनी सीएम केजरीवाल की पसंद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इन दिनों शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार चल चल रहे हैं। सीएम अरविंद केजरीवाल को 15 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेज दिया गया है। इसपर राउज एवेन्यू कोर्ट ने मुहर लगा दी है मुख्यमंत्री केजरीवाल ने जेल में जाने से पहले रामायण महाभारत गीता और पत्रकार नीरजा चौधरी की लिखित हाऊ प्राइम मिनिस्टर डिसाइड




किताब पढ़ने के लिए मांगी। इस किताब जिसकी मांग सीएम केजरीवाल ने की है आखिर इस किताब में ऐसा क्या है। इस किताब को पत्रकार नीरजा चौधरी ने लिखा है जिसमें प्रधानमंत्री कैसे निणय लेते हैं के बारे में लिखा गया है।मुख्यमंत्री केजरीवाल ने जेल में जाने से पहले रामायण, महाभारत, गीता और पत्रकार नीरजा चौधरी की लिखित हाऊ प्राइम मिनिस्टर डिसाइड किताब पढ़ने के लिए मांगी। रामायण, महाभारत और गीता से तो हम बखूबी वाकिफ हैं लेकिन 'हाऊ प्राइम मिनिस्टर डिसाइड' किताब जिसकी मांग सीएम केजरीवाल ने की है आखिर इस किताब में ऐसा क्या है। इस किताब को पत्रकार नीरजा चौधरी ने लिखा है जिसमें प्रधानमंत्री कैसे निणय लेते हैं के बारे में लिखा गया है। इस किताब में भारत के छह प्रधानमंत्रियों ने कैसे बड़े फैसले लिए इसपर यह किताब बात करती है। हाउ प्राइम मिनिस्टर्स डिसाइड नाम से लिखी गई किताब में पूरी प्रक्रिया के बारे में बात की गई है जिसमें प्रधानमंत्री की स्थिति और मनःस्थिति पर गहन से लेखिका ने बताया है।

# डॉ महेश शर्मा को मिल रहा ज़ोरदार समर्थन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** के सेक्टर 93, 82 एवं हाई राइज सोसाइटी जिसमें एटीएस विलेज, सुपर टेक एमरल्ड कोर्ट, पार्श्वनाथ प्रेस्टीज, एक्सप्रेस व्यू अपार्टमेंट, सेक्टर 110. में डॉ उमा



शर्मा पतनी सांसद डॉ महेश शर्मा रही और उनको हर सोसाइटी में ज़बरदस्त स्वागत हुआ। डॉ महेश शर्मा भी लगातार पूरी लोक सभा में हर विधान सभा में कार्यक्रम कर रहे हैं। आज उनके कार्यक्रम गौतमबुद्ध नगर और नोएडा में भी रहे। आज के कार्यक्रम में सभी आर डब्लूयू ए के अध्यक्ष और उनकी पूरी टीम रही। भाजपा से संयोजक और महामंत्री गणेश जाटव, मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर, मण्डल अध्यक्ष रवि आवाना, प्रवेश चौहान, प्रज्ञा पाठक, अनुज चौधरी, नीता वाजपेई,जे पी मण्डल, गोरे लाल, संजय पांडेय, दीपक तिवारी, संजय शुक्ला, सुभाष शर्मा, श्रीराम तिवारी,बी डी गुप्ता, अरूण श्रीवास्तव, हरि शंकर सिंह, दिनेश पाठक, के सी झा, रमेश चंद्र शर्मा, महेंद्र सिंह, कमल वर्मा, गौतम शर्मा, शारदा चतुर्वेदी, राम निवास यादव , हंस मणि शुक्ला, अवनीश कुमार तिवारी, उत्तम चंद्रा, विकास कुमार, संगम प्रसाद मिश्र, गुरमेल सिंह, सुशील कुमार, अरूण चौरसिया, बीके भारद्वाज, विजेंद्र सिंह, अंगद सिंह तोमर, रमेश कुमार वर्मा, रमेश चंद्र दास, संजय कर्ण , राजेश पाठक, विष्णु शर्मा आदि कार्यकर्ता रहे।

# विधायक होने के नाते मेरा फर्ज है कि मैं किसानों की आवाज को सरकार तक पहुंचाऊ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** नोएडा ज़ेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के तृतीय चरण के विस्थापित और



प्रभावित किसानों से आज दिनांक 30 मार्च 2024 को ग्राम थोरा में जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने संवाद किया, जहां किसानों ने अपनी विभिनन मांगों को लेकर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह से खुलकर चर्चा की। इस मौके पर जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि ड्ठजेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के प्रथम चरण से लेकर द्वितीय चरण तक, जब भी किसानों को मेरी जरूरत पड़ी, किसानों की सरकार से वकालत कर, मुआवजा बढ़वाया गया तथा किसानों की वो सभी मांगें, जो उन्होंने लिख कर दी, उन्हें पूरा कराया गया तथा शोर जैसा निणय, जो कई वर्षों से लंबित था, उसे भी पूरा कराया गया। उत्तर प्रदेश सरकार पूरी तरीके से किसानों के प्रति गंभीर है और आपका विधायक होने के नाते मेरा पूरा प्रयास होगा कि जेवर क्षेत्र के किसानों के साथ कोई भी हकतल्फी न हो। इस मौके पर श्री प्रेमवीर सिंह पूर्व प्रधान जी, रामभू शर्मा, दलबीर सिंह चौहान, खुशीराम सिंह, प्रभु नंबरदार, विजय सिंह, निदीष सिंह, रामवीर कप्तान साहब, रोहताश सिंह चौहान, कृष्ण सिंह, गणेश सिंह, कारे भिक्कू, जगदीश शर्मा, कपिल सिंह, अरविंद सिंह पूर्व प्रधान, सतवीर सिंह, रणवीर सिंह, थम्मन सिंह, अजय सिंह, डा0 आदित्य शर्मा, संजू सिंह, गिरीश सिंह, रामपाल सिंह, दिनेश सिंह, सुरेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह, जयवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# शहबाज सरकार ने आते ही लिया एक कड़ा फैसला, पाकिस्तान के लोगों को दे दी टेंशन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सरकार बने अभी ज्यादा दिन हुए भी नहीं थे कि शहबाज सरकार ने आम लोगों को बड़ा झटका दे दिया है। देश की लगातार बिगड़ती आर्थिक हालात के बीच अब सरकार ने एक और कड़ा कदम उठाया है। शहबाज सरकार ने आम लोगों को बड़ा झटका दे दिया है। देश



की लगातार बिगड़ती आर्थिक हालात के बीच अब सरकार ने एक और कड़ा कदम उठाया है। सरकार ने लोगों की परेशानियां बढ़ाते हुए लगातार बढ़ रही महंगाई के बीच एक बार फिर पेट्रोल के दामों में बड़ा इजाफा किया है। ईद उल-फितर से पहले लोगों के लिए ये एक बड़ी टेंशन की खबर होगी। हदरअसल, सरकार ने लोगों की परेशानियां बढ़ाते हुए लगातार बढ़ रही महंगाई के बीच एक बार फिर पेट्रोल के दामों में बड़ा इजाफा किया है। पाक सरकार ने पेट्रोल की कीमत में 9.66 पीकेआर (पाकिस्तानी मुद्रा) प्रति लीटर की बढ़ोतरी की घोषणा कर दी है। ईद उल-फितर से पहले पाक के वित्त मंत्रालय द्वारा की गई इस घोषणा से लोगों को महंगाई की नई मार पड़ी है। पेट्रोल की नई कीमत आज 1 अप्रैल से लागू भी कर दी गई है। इस नई बढ़ोतरी के बाद, पेट्रोल की कीमत इ्रंखें 279.75 से बढ़कर 289.41 इ्रंखें प्रति लीटर हो गई है। जबकि हाई-स्पीड डीजल की कीमत 3.32 पाकिस्तानी रुपये घटकर इ्रंखें 282.24 प्रति लीटर हो गई है। मंत्रालय ने कहा कि ये बदलाव अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण हैं। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, यह बदलाव अंतरराष्ट्रीय बाजार में मूल्य भिनन्ता को घरेलू बाजार के साथ मैच करने की सरकार की नीति के अनुरूप है। बता दें कि पेट्रोलियम और बिजली की कीमतों में इजाफा ही उच्च मुद्रास्फीति के प्रमुख कारक माने जाते हैं। पेट्रोल का उपयोग ज्यादातर निजी परिवहन, छोटे वाहनों, रिक्शा और दोपहिया वाहनों में किया जाता है और इसका सीधा असर मध्यम और निमन्-मध्यम वर्ग के बजट पर पड़ता है।

# नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव का हुआ भव्य स्वागत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** सेक्टर 52 स्थित महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा पूर्व अध्यक्ष शहाबुद्दीन व उत्तर प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया प्रदेश महासचिव व्यक्त किया नवनियुक्त महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश यादव ने कहा कि मैं यह विश्वास दिलाता हूं कि पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पार्टी के लिए कार्य करूंगा बधाई देने



पवन शर्मा के नेतृत्व में संयुक्त रूप से नवनियुक्त महानगर कांग्रेस नोएडा अध्यक्ष मुकेश यादव जी को फूल माला व गुलदस्ता भेंटकर शुभकामनाएं व बधाई दी नोएडा कांग्रेस अध्यक्ष पद के मुकेश यादव जी को दायित्व के लिए शीर्ष नेतृत्व का बहुत-बहुत धन्यवाद आभार वालों में मुख्य रूप से नोएडा कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष शहाबुद्दीन, सोशल मीडिया उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश महासचिव पवन शर्मा, गौतम बुद्ध नगर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष जावेद खान, सुमित जाटव, परवेज, मुनेश, अरमान, विनोद शाह, अमित व प्रेम, परवीन व अन्य लोग मौजूद रहे।

# गाजा में भीषण लड़ाई, काहिरा में युद्धविराम पर वार्ता; पोप फ्रांसिस ने किया युद्ध रोकने का आह्वान

**मिस्त्र ।** मिस्त्र की राजधानी काहिरा में गाजा में युद्धविराम के सिलसिले में इजरायल और हमास के बीच वार्ता हो रही है लेकिन गाजा पट्टी



पर इजरायली सेना के भीषण हमले जारी हैं। रविवार को इन हमलों में दर्जनों फलस्तीनियों के मारे जाने की सूचना है। गाजा में अभी भी लड़ाई जारी है। सात अक्टूबर 2023 से जारी इजरायली हमलों में अभी तक करीब 33 हजार फलस्तीनी मारे गए हैं। मिस्त्र और कतर की मध्यस्थता में चल रही वार्ता में 40 इजरायली बंधकों की रिहाई के बदले में छह हफ्ते के युद्धविराम पर वार्ता हो रही है। एक इजरायली बंधक के बदले में फलस्तीनी कैदियों को छोड़े जाने की संख्या अभी तय नहीं हो पाई है। मरने वालों में हमास के चार वरिष्ठ नेता शामिल हैं जिन्हें इजरायली सेना ने गाजा सिटी के अल शिफा अस्पताल में मारा है। अस्पताल परिसर में और उसके आसपास लड़ाई जारी है। सात अक्टूबर, 2023 से जारी इजरायली हमलों में अभी तक करीब 33 हजार फलस्तीनी मारे गए हैं। मिस्त्र और कतर की मध्यस्थता में चल रही वार्ता में 40 इजरायली बंधकों की रिहाई के बदले में छह हफ्ते के युद्धविराम पर वार्ता हो रही है। एक इजरायली बंधक के बदले में फलस्तीनी कैदियों को छोड़े जाने की संख्या अभी तय नहीं हो पाई है। माना जा रहा है कि हमास के कब्जे में अभी करीब 130 इजरायली बंधक हैं जिनकी रिहाई को लेकर वह सौदेबाजी कर रहा है। इससे पहले 24 नवंबर, 2023 को गाजा में एक सप्ताह का युद्धविराम हुआ है। उस दौरान 105 इजरायली और विदेशी नागरिकों को रिहा किया गया था। गाजा सिटी के अल शिफा अस्पताल के अतिरिक्त दूसरे बड़े शहर खान यूनिस में भी दो अस्पतालों को इजरायली सेना ने घेर रखा है। वहां पर हमास और इस्लामिक जिहाद के लड़ाकों के राकेट और मोर्टार हमलों का जवाब इजरायली सेना टैंकों की गोलाबारी से दे रही है। मध्य गाजा के अल मेघाजी में इजरायल के हवाई हमले में चार लोगों के मारे जाने की सूचना है। नजदीक के अल-बलाह शहर में इजरायली बमबारी में भी चार लोग मारे गए हैं और कई लोग घायल हुए हैं। गाजा के शहरों की इजरायली सेना की घेराबंदी से वहां पर खाद्य सामग्री पहुंचने में मुश्किल हो रही है। संयुक्त राष्ट्र ने गाजा में भुखमरी की आशंका जताई है। सीएनएन के अनुसार पोप फ्रांसिस ने रविवार को अपने पारंपरिक ईस्टर भाषण में इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम का आह्वान किया। वेटिकन के सेंट पीटर स्क्वायर में हजारों लोगों से बात करते हुए, फ्रांसिस ने युद्ध को बेतुका बताया और यूरोप और मध्य पूर्व की समस्याओं को संबोधित किया। रविवार को अपने संबोधन में, पोप ने इजरायल-हमास युद्ध में ठतत्काल युद्धविरामठ के लिए अपनी अपील दोहराई, साथ ही ठगाजा तक मानवीय सहायता की पहुंच सुनिश्चित करनेठ और ठबंधकों की शीघ्र रिहाईठ का भी आह्वान किया।

# पाकिस्तान में भारी बारिश का कहर, खैबर पख्तूनख्वा में 8 बच्चों सहित 10 लोगों की मौत; कई घर ढहे

पख्तूनख्वा। पाकिस्तान में आसमान से आफत बरस रही है। कई इलाकों में लगातार हुई बारिश से बाढ़ की स्थिति उत्पनन हो गई है। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने रविवार को कहा, पिछले दो दिनों में खैबर पख्तूनख्वा में बारिश से संबंधित घटनाओं में दस लोग मारे गए और बारह घायल हो गए। पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान में लगातार बारिश हो रही है। बारिश होने की वजह से कई इलाकों में पानी भर चुका है। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बीते 48 घंटे के दौरान मूसलाधार बारिश के कारण 8 बच्चों समेत दस लोगों की मौत हो गई। इस भीषण बारिश में कई घर भी ढह चुके हैं। वहीं भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। पीडीएमए के प्रवक्ता अनवर शहजाद ने हताहतों की संख्या की पुष्टि की और कहा कि मृतकों में आठ बच्चे और दो महिलाएं शामिल हैं जबकि घायलों में नौ बच्चे, दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। शहजाद ने कहा कि शनिवार रात तक प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार, केपी में बारिश और ओलावृष्टि से संबंधित घटनाओं में 27 घर क्षतिग्रस्त हो गए। द नेशन के अनुसार, उन्होंने कहा कि प्रभावित इलाकों में राहत अभियान जारी है। शनिवार रात 11:30 बजे पीडीएमए द्वारा जारी एक संक्षिप्त



रिपोर्ट में कहा गया कि शांगला, बनन्नू, बाजौर, पेशावर, नौशेरा और मनसेहरा में छत और घर गिरने की विभिनन घटनाओं में हताहत हुए। सूबे में शुक्रवार से भारी बारिश हो रही है। द नेशन के अनुसार, रिपोर्ट में कहा गया है, ठउपरोक्त क्षेत्रों के साथ-साथ मोहमंद, मर्दन, उत्तरी वज़ीरिस्तान, स्वात और ऊपरी दीर में तीन घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि 24 आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए। हरबन तहसील के अध्यक्ष असदुल्लाह कुरैशी मीडिया से बात करते हुए कहा कि बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ की घटनाओं में 19 मवेशियों की मौत हो गई, जबकि 15 मवेशियों के बाड़े बह गए।

# भारत के अंदरूनी मामलों पर विदेशी बयान के पीछे साजिश की बू, भारत की तीखी प्रतिक्रिया दूसरे देशों को भी संकेत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** जर्मनी, अमेरिका और फिर संयुक्त राष्ट्र की तरफ से एक के बाद एक जिस तरह से भारत की लोकतांत्रिक व न्यायिक प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठाये गये हैं उसे भारत एक सामान्य प्रक्रिया



के तौर पर नहीं ले रहा है। इस प्रकरण पर विदेश मंत्रालय की सोच है कि समय समय पर भारत को कभी मानवाधिकार, कभी लोकतांत्रिक व्यवस्था तो कभी आर्थिक सुधार के मुद्दे पर घेरने वाली शक्तियां ही इसका भी हिस्सा हैं। यही वजह है कि जैसे ही विदेशी सरकारों ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी या मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के बैंक खातों को आयकर विभाग द्वारा जब्त करने पर सवाल उठाए तो भारत ने जवाबी कड़ी प्रतिक्रिया दी है। यह पहला मौका है जब भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र की तरफ से सवाल उठाये गये है। इसके पहले दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तार पर जर्मनी और अमेरिका दोनों ने ही चिंता प्रकट करते हुए उम्मीद जताई थी कि भारत में आप पार्टी के मुखिया के साथ स्वतंत्र व पारदर्शी तरीके से न्याय होगा। खास बात यह है कि सवाल उठाने में अग्रणी अमेरिका और जर्मनी दोनों देश भारत के करीबी रणनीतिक साझेदार हैं जिनसे द्विपक्षीय रिश्ते लगातार मजबूत हो रहे हैं। फिर भी भारत ने इन्हें सख्त संदेश देने में कोई कोताही नहीं की है। विदेश मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि जर्मनी व अमेरिका के विदेश मंत्रालयों के प्रवक्ताओं ने जो प्रतिक्रिया दी थी वह एक प्रशन के उत्तर में था। इसके बावजूद जिस तरह से भारत की न्यायिक प्रणाली पर संदेह जताया गया, उसको काफी गंभीरता से लिया गया है। यही वजह है कि विदेश मंत्रालय ने जर्मनी और अमेरिका के दूतावास के वरिष्ठ अधिकारियों को बुला कर अपनी आपत्ति से अवगत कराया। अगर भारत की किसी कूटनीति के संदर्भ में यह बात कही गई होती तो विदेश मंत्रालय भी एक प्रतिक्रिया जता कर मामले को रफा-दफा कर देता लेकिन न्यायिक प्रणाली पर सवाल उठाने या लोकतांत्रिक प्रक्रिया को निशाना बनाने पर मामला गंभीर हो जाता है। सनद रहे कि अमेरिका के विदेश मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र के सामान्य प्रेस कांफ्रेंस में केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस के बैंक खाते जब्त किये जाने से जुड़ा सवाल वाशिंगटन स्थित बांग्लादेश मूल के एक ही पत्रकार ने पूछे हैं।कई देशों की तरफ से एक ही सवाल उठाने के पीछे कोई साजिश तो नहीं इसके जवाब में विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि कुछ शक्तियां भारत को किसी न किसी मामले में घेरने की कोशिश करती हैं। कभी मीडिया में आलेख के जरिए तो कभी सरकारी या गैर-सरकारी एजेंसियों की रिपोर्ट के जरिए ऐसा किया जाता रहा है। यह पुरानी परंपरा है। भारत का कड़ा जवाब इन्हें नागवार गुजरता है। जर्मनी और अमेरिका की प्रतिक्रियाओं पर इनके राजनयिकों को तलब करने का एक मकसद दूसरे देशों को इसे दूर रहने का संदेश देना भी है। विदेश मंत्रालय के अधिकारी यह मानते हैं ।

# अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा चीन, अरुणाचल प्रदेश पर फिर ठोका दावा; बदले 30 शहरों के नाम

**बीजिंग।** चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। एक बार फिर चीन ने नापाक हरकत की है। समाचार एजेंसी पीटीआई के किया गया है। दरअसल, चीन ने अरुणाचल प्रदेश में विभिनन स्थानों के 30 नए नामों की चौथी लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में चीन ने और संप्रभुता के अधिकारों को नुकसान पहुंचाने वाली विदेशी भाषाओं में नामों को बिना प्राधिकरण सीधे उद्धत या अनुवाद नहीं किया




मुताबिक, चीन ने अरुणाचल प्रदेश की कई जगहों के नाम बदल दिए हैं। चीन की ग्लोबल टाइम्स ने एक रिपोर्ट में बताया कि चीन के नागरिक मामलों के मंत्रालय ने अरुणाचल प्रदेश की 30 जगहों के नाम बदलने को लेकर चौथी लिस्ट जारी की है। मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट के मुताबिक अरुणाचल प्रदेश के अंदर की 30 जगहों के नाम बदले गए हैं। रिपोर्ट में बताया कि ये आदेश 1 मई से लागू करने के लिए अनुच्छेद 13 में प्रावधान अरुणचाल प्रदेश की 30 जगहों के नाम बदले हैं। हालांकि, भारत ने चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदलने की बात को खारिज किया है। भारत ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश देश का अभिनन हिस्सा है और उसका नाम बदल देने से इस वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि ये आदेश 1 मई से लागू करने के लिए अनुच्छेद 13 में प्रावधान किया गया है। इसमें कहा गया है कि चीन के क्षेत्रीय दावों जाएगा। बता दें कि चीन अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा ठोकता है और उसे जांगनान कहता है। साथ ही वह अरुणाचल प्रदेश को तिब्बती क्षेत्र बताया है। उल्लेखनीय है कि चीनी नागरिक मामलों के मंत्रालय ने अरुणाचल प्रदेश में छह स्थानों के नामों की बदलने की पहली लिस्ट 2017 में जारी की थी। इसके बाद 15 स्थानों की दूसरी लिस्ट 2021 में जारी की गई। हालांकि, तीसरी बार साल 2023 में 11 स्थानों के नामों की लिस्ट जारी की गई थी।

# काठमांडू में अंतरराष्ट्रीय संस्कृत सम्मेलन, भारत-नेपाल संस्कृति शिक्षा को बढ़ावा देने में करेंगे सहयोग

**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संस्कृत सम्मेलन में भारत और नेपाल के संस्कृत विद्वानों ने प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय संस्कृत सम्मेलन



आयोजित करने का प्रस्ताव दिया। इस दौरान साथ ही संस्कृत ग्रंथों विशेष रूप से हिमालयी राष्ट्र में संरक्षित पांडुलिपियों पर शोध करने और प्रकाशन की व्यवस्था करने के लिए अध्ययन केंद्र की स्थापना पर भी चर्चा की गई नेपाल की राजधानी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संस्कृत सम्मेलन में भारत और नेपाल के संस्कृत विद्वानों ने प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय संस्कृत सम्मेलन आयोजित करने का प्रस्ताव दिया। इस दौरान साथ ही संस्कृत ग्रंथों विशेष रूप से हिमालयी राष्ट्र में संरक्षित पांडुलिपियों पर शोध करने और प्रकाशन की व्यवस्था करने के लिए अध्ययन केंद्र की स्थापना पर भी चर्चा की गई। तीन दिवसीय सम्मेलन में प्रतिभागियों ने महर्षि संदीपनि वेद विद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन के सहयोग से नेपाल में गुरुकुलों के विकास के लिए सहायता प्रदान करने का संकल्प भी लिया। इस सम्मेलन का आयोजन नीति अनुसंधान प्रतिष्ठान ने केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली और इंडिया फाउंडेशन, दिल्ली के सहयोग से किया। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य भारत और नेपाल में संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देना था। सम्मेलन में अपनाए गए प्रस्तावों में से एक में उल्लेख किया गया कि नीति अनुसंधान प्रतिष्ठान, नेपाल भारत-नेपाल अध्ययन केंद्र के प्रधान कार्यालय के रूप में काम करेगा। यह केंद्र भारत व नेपाल के संस्कृत ग्रंथों और नेपाल की संस्कृत पांडुलिपियों पर शोध करने और प्रकाशन करने की व्यवस्था करेगा। माना जाता है कि नेपाल के पुरातत्व विभाग के पास तकरीबन पांच लाख संस्कृत पांडुलिपियां संरक्षित हैं।

# 'शैतान' ने तोड़ा फाइटर का रिकॉर्ड, 14वें दिन कमाई में छोड़ा पीछे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अजय देवगन, आर माधवन और ज्योतिका की सुपरनेचुरल हॉरर थ्रिलर शैतान की शानदार कमाई का सिलसिला जारी है। इस मूवी ने अपनी लाजवाब कहानी से दर्शकों का दिल जीत लिया है। यही कारण है जो शैतान बॉक्स ऑफिस पर भी धमाका करती हुई नजर आ रही है। सुपरनेचुरल हॉरर थ्रिलर फिल्म शैतान अपने धमाकेदार प्रदर्शन के दम पर बॉक्स ऑफिर पर कमाल कर के दिखाया है। रिलीज के दो सप्ताह में कमाई के मामले में अजय देवगन और आर माधवन की ये फिल्म हर रोज धमाका कर रहे हैं। ऐसे में 14वें दिन के कलेक्शन में इस मूवी ने फाइटर को पछाड़ दिया है। इस बीच शैतान ने रिलीज के दो सप्ताह पूरे कर लिए हैं। ऐसे में फिल्म के 14वें दिन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की डिटेल्स सामने आ गई है। जिसके मुताबिक शैतान ने सुपरस्टार ऋतिक रोशन की इस साल रिलीज फिल्म फाइटर को पीछे छोड़ दिया है। 25 जनवरी 2024 को ऋतिक रोशन, अनिल कपूर और दीपिका पादुकोण की फिल्म फाइटर को बड़े पर्दे पर रिलीज किया गया। अच्छी शुरूआत के बाद ये एरियल एक्शन थ्रिलर ढ़ीली पढ़ गई और कमाई में गिरावट आने लगे। लेकिन वहीं दूसरी तरफ शैतान अब भी बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाए हुए है। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार ऋतिक की फाइटर ने रिलीज के 14वें दिन बॉक्स ऑफिस पर करीब 2.60 करोड़ का बिजनेस किया। इसकी तुलना में अब अजय देवगन की हॉरर थ्रिलर शैतान ने 14वें दिन करीब 2.70 करोड़ का कारोबार कर लिया है। अब इसका नेट कलेक्शन करीब 118 करोड़ हो गया है। जिस तरह से बॉक्स ऑफिस पर शैतान ने कमाई के मामले में गर्दा उड़ाया है, वह काबिल ए तारीफ है। रिलीज के दूसरे सप्ताह में बेशक मूवी के कलेक्शन में गिरावट आई है, लेकिन उसमें निरंतरता बनी रही है।




# जब छोटे शहर से होते हैं स्वातंत्र्य वीर सावरकार के पोस्टर पर खुद को देखकर भावुक हुईं अंकिता लोखंडे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मुंबई।** फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर के पोस्टर पर इन दिनों अंकिता लोखंडे नजर आ रही हैं। टीवी से लेकर पोस्टर तक पहुंचने का सफर उनके लिए काफी लंबा रहा है। वह कहती हैं कि जब आप छोटे शहर से होते हैं और इस बड़ी सी इंडस्ट्री का हिस्सा बनकर पोस्टर तक पहुंचते हैं, तो बहुत खुशी मिलती है। अंकिता लोखंडे फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर में नजर आने वाली हैं। जो 22 मार्च को रिलीज होगी। रणदीप हुड्डा भी इसमें नजर आएंगे। पहली बार अंकिता एक्टर रणदीप हुड्डा के साथ पर्दे पर नजर आने वाली है। फिल्म रिलीज होने से पहले अभिनेत्री के लुक की खूब तारीफ हो रही है। लोग उनके किरदार को पसंद कर रहे हैं। बाकी कलाकारों को शायद आदत होगी, लेकिन मैं तो अपने पोस्टर



को देखकर हर बार खुश होती हूं। मेहनत करने के बाद बड़े से पोस्टर या 70 एमएम के पर्दे पर खुद को देखने की खुशी अलग हैं। अंकिता कहती हैं- 'आप कहीं से भी आए हों, अपना रास्ता खुद बनाना पड़ता है। जब इस इंडस्ट्री में आई थी तो सोचा था कि किस तरह खुद को प्रस्तुत करना है। मेरा आत्मविश्वास हमेशा से मजबूत रहा है। जब अभिनय में आई तो मैं ऐसे पात्र निभाना चाहती थीं जो दूसरों के लिए प्रेरणा बन सकें। भाग्य अच्छा है कि वैसे ही रोल ऑफर भी होते हैं, फिर चाहे मणिकर्णिका द क्वीन ऑफ झांसी फिल्म हो या पवित्र रिश्ता शो। जब इस तरह के रोल निभाती हूं तो सशक्त महसूस करती हूं।' इंडस्ट्री में बाहर से आने वाले कलाकारों को अंकिता सलाह देती हैं कि जब कोई काम करें तो असमंजस में न रहें कि यह भी चाहिए, वो भी चाहिए। यह चकाचौंध वाली दुनिया है, आपको असमंजस में डाल सकती है। जब आप आश्वस्त होते हैं तो अपना रास्ता स्वयं तलाश लेते हैं।हर साल अंकिता और उनके पति विक्की जैन होली पर पार्टी देते है। इस बार उन्होंने कुछ अलग सोचा है। अंकिता कहती हैं कि होली बड़ा त्योहार है। मेरे लिए इसके मायने बहुत हैं पर चूंकि पापा के देहांत को एक साल नहीं हुआ है तो इस बार हम होली पर बड़ी पार्टी नहीं करेंगे।

# बॉबी देओल ने गरीब बच्चों को दिए 500 रुपये के नोट, फैंस बोले- 'असली लॉर्ड बॉबी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा के मंजे हुए कलाकार बॉबी देओल ने बीते




साल फिल्म एनिमल के जरिए जोरदार कमबैक किया है। इस फिल्म की अपार सफलता के बाद के बॉबी को लेकर अक्सर सुखियां बनी रहती हैं। इस बीच सोशल मीडिया पर अभिनेता का एक लेटेस्ट वीडियो सामने आया है। फिल्म एनिमल से हिंदी सिनेमा में धमाकेदार वापसी करने वाले"दंब् अदत् आए दिन सुखियों में छाए हुए रहते हैं। हाल ही में एक्टर की अपकमिंग फिल्म कंगुवा का खतरनाक टीजर भी रिलीज किया गया है। इस बीच सोशल मीडिया पर बॉबी देओल का एक लेटेस्ट वीडियो सामने आया है। जिसमें वह गरीब बच्चों को 500-500 के नोट देते हुए दिख रहे हैं। इस वीडियो में देखा जा रहा है कि बॉबी देओल ("दंब् अदत) दो गरीब बच्चों को 500-500 रुपये देते हुए दिखाई दे रहे हैं। आलम ये है कि उनका ये लेटेस्ट वीडियो अब तेजी से वायरल हो रही है। साथ ही फैंस भी उनके वीडियो पर जमकर लाइक और कमेंट भी कर रहे हैं। अपनी सादगी और दरियादिली को लेकर बॉबी देओल को काफी जाना जाता है। ऐसे में उनका ये लेटेस्ट वीडियो इस बात का पक्का सबूत है। सेलेब्स फोटोग्राफर पल्लव पालीवाल ने आज बॉबी का एक लेटेस्ट वीडियो अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि बॉबी दो गरीब बच्चों से घिरे हुए दिखाई दे रहे हैं, जो उनसे कुछ पैसे मांगते हुए दिखे रहे हैं। इस दौरान अभिनेता अपनी जेब से 500-500 रुपये के नोट को निकालते हैं और इन दोनों छोटे बच्चों को देते हैं, जिसके बाद उनके चेहरे पर खुशी देखते ही बनती है। सिर्फ इतना ही नहीं बॉबी देओल ने इन दोनों बच्चों के साथ तस्वीरें भी क्लिक कराई। इस वीडियो पर फैंस कमेंट कर एक्टर को असली लॉर्ड बॉबी जैसे खिताब दे रहे हैं और उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल के बाद आने वाले समय में बॉबी देओल फिल्म कंगुवा में दिखेंगे। इस मूवी में उनके साथ साउथ सुपरस्टार सूर्या मौजूद हैं। हाल ही में कंगुवा का धमाकेदार टीजर भी रिलीज किया गया है, जिसे देख साउथ की इस फिल्म के लिए फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ गई है।

# तनाव 2 की शूटिंग हुई पोस्टपोन, मानव विज ने कहा- 'अब होली पर झाड़ू-बर्तन सब मुझे ही करना

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मुंबई।** होली का उत्सव तो परिवार और प्रियजनों के साथ ही होता है। मानव विज अभिनीत वेब शो तनाव 2 की शूटिंग होली के आसपास होने वाली थी, पर अब इस वजह से उनकी होली का रंग फीका नहीं होगा। का त्योहार है और सेलिब्रिटीज काम से फुरसत पाकर यह त्योहार अपने परिवार के साथ मनाने की प्लानिंग कर रहे हैं। किस्मत से मानव विज भी इस साल अपने परिवार के साथ होली मनाने वाले हैं। पहले वह अपनी आगामी वेब सीरीज तनाव 2 की शूटिंग के चलते होली नहीं सेलिब्रेट करने वाले थे लेकन अब शूट पोस्टपोन हो गई है। मानव विज कहते हैं, तनाव 2 की शूटिंग की तारीखों में बदलाव हो रहा है तो होली घर पर मनेगी। त्योहार है तो घर पर पकवान बनते हैं। लोग घर पर आते हैं, खाना-पीना और गपशप चलती रहती है। मुझे रंगों



से एलर्जी हो जाती है, इसलिए बाहर जाकर होली खेलने से बचता हूं। (हंसते हुए) अब उम्र का भी तो ध्यान रखना पड़ता है। मानव विज ने कहा, ठएक वक्त था, जब कीचड़ में होली खेला करते थे, दूसरों को भी उसी में खींच लिया करते थे। अब रंग चढ़ जाए तो छींक आ जाती है।ठ होली पर मानव के ऊपर घर की बड़ी जिम्मेदारियां होती हैं। वह बताते हैं, ठघर की महिलाएं नारी सशक्तीकरण का नारा लगाकर निकल जाती हैं। होली मनाने के बाद घर की साफ-सफाई से लेकर खाने के बर्तन और झाड़ू तक सब मुझे ही करना होता है। मानव ने कहा, ठमुझे तो घर के कारपेट को लेकर डर लग रहा है कि रंगों से गंदा न हो जाए। उसको साफ करना बड़ा कठिन होता है। इंडस्ट्री वाले सपने बेचते हैं, लेकिन घर पर हम आम व्यक्ति की तरह पूरे उल्लास के साथ त्योहार मनाते हैं। साल 2022 में रिलीज हुई तनाव को लेकर खूब चर्चा हुई थी। फौदा से ली गई हिंदी संस्करण तनाव में मानव विज लीड रोल में थे। अरबाज खान, साहिबा बाली, एकता कौल, सुमित कौल और शशांक अरोड़ा ने भी मुख्य भूमिका निभाई थी। मानव विज स्टारर सीरीज का दूसरा सीजन जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर दस्तक देगी।

# गॉडजिर्ला` कॉन्ग' ने हिला डाला बॉक्स ऑफिस, 'क्रू' और 'द गोट लाइफ' के छूटे पसीने

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों कई फिल्में रिलीज हुई



है। देसी फिल्मों के साथ-साथ विदेश से आई फिल्म का जलवा भी टिकट विंडो पर देखने को मिल रहा है। 28 और 29 मार्च को हिंदी के साथ-साथ रीजनल और हॉलीवुड फिल्म ने भी सिनेमाघरों में दस्तक दी। इतने दिनों में 'क्रू', 'द गोट लाइफ' और 'गॉडजिला एक्स कॉन्गः द न्यू अम्पायर' रिलीज हुईं। हॉलीवुड की फिल्मों का अक्सर टिकट विंडो पर धमाका देखने को मिलता है। इस हफ्ते कई तरह की फिल्में रिलीज हुई हैं। साउथ से द गोट लाइफ ने अच्छी ओपनिंग ली तो बॉलीवुड से क्रू भी धमाका करने में पीछे नहीं रही। वहीं हॉलीवुड से आई फिल्म गॉडजिर्ला` कॉन्ग द न्यू अम्पायर ने इन दोनों फिल्मों को तगड़ा कॉम्पटीशन दिया है। क्रू' करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन की फिल्म है, जिसने बॉक्स ऑफिस पर डीसेंट शुरुआत की। 'द गोट लाइफ' पृथ्वीराज सुकुमारन की मूवी है। इस फिल्म को भी ठीकठाक रिस्पांस मिला है। वहीं, 'गॉडजिला एक्स कॉन्गः द न्यू अम्पायर' हॉलीवुड से आई फिल्म है, जिसकी कहानी और वीएफएक्स ने लोगों को खासा इम्प्रेस किया है। 'गॉडजिर्ला` कॉन्गः द न्यू अम्पायर' एक्शन साई-फाई फिल्म है, जिसने भारतीय घरेलू बॉक्स ऑफिस पर अच्छी ओपनिंग ली। फिल्म का ओपनिंग डे कलेक्शन 13.25 करोड़ रहा। वहीं, अब दूसरे दिन के शुरुआती आंकड़े सामने आ गए हैं। रेबेका हॉल और केली होटल स्टारर इस फिल्म ने सेकंड भी लगभग इतने ही करोड़ का कारोबार किया है। सैकनिल्क के आंकड़ों में फिल्म के सेकंड डे का कलेक्शन दिया गया है। शुरुआती अनुमान के अनुसार, 'गॉडजिर्ला` कॉन्गः द न्यू अम्पायर' ने दूसरे दिन भी इतना ही कलेक्शन किया है। हालांकि, हर भाषा में की गई कमाई के आंकड़े पहले दिन से कुछ अलग जरूर हैं। इस मूवी ने दूसरे दिन इंग्लिश में 6 करोड़, हिंदी में 3.5 करोड़, तेलुगू 1.25 करोड़ और तमिल में 2.5 करोड़ की कमाई की है। महज दो दिनों में फिल्म ने 26.50 करोड़ की दमदार कमाई कर डाली है। 28 मार्च को रिलीज हुई 'द गोट लाइफ' ने तीन दिनों में 21.6 करोड़ का कलेक्शन किया है। वहीं, 29 मार्च को रिलीज हुई 'क्रू' मूवी ने 18 करोड़ तक का डोमेस्टिक कलेक्शन कर लिया है।

# रणबीर कपूर ने नीतू कपूर के सामने रीक्रिएट किया 'एनिमल' का इंटीमेट सीन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा का मोस्ट अवेटेड शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल रिद्धिमा कपूर के सामने एनिमल का रोमांटिक सीन रीक्रिएट किया। ग ग्रेड इंडियन कपिल शो' का पहला और जिसकी वजह से ही फिल्म लंबे समय तक चर्चा में बनी रही। सुनील ग्रोवर ने अपने आया, जब रणबीर ने सुनील के साथ बेड सीन को रीक्रेट किया। सुनील के चेहरे और गले पर ढेर



शो' शुरू हो चुका है। इस बार के सीजन ने टेलीविजन के बजाय ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक दी है। पहले एपिसोड के गेस्ट कपूर खानदान के चिराग रणबीर कपूर रहे। वह यहां नीतू कपूर और रिद्धिमा कपूर के साथ आए थे। मोस्ट अवेटेड शो ऊप र्ड्रॅ घ्र्ीह र्ख्ग्ह्त् एप्दै की शुरुआत हो चुकी है। पहले एपिसोड में मेहमान बनकर पहुंचे रणबीर कपूर नीतू कपूर और रिद्धिमा कपूर। इस दौरान तीनों ने होस्ट कपिल शर्मा और बाकी कलाकारों के साथ जमकर मस्ती की। ओपनिंग एपिसोड में रणबीर कपूर ने मां नीतू कपूर और बहन एपिसोड काफी धमाकेदार रहा। रणबीर, नीतू और रिद्धिमा ने फैमिली मेंबर्स की पोल खोलने के साथ ही कुछ मजेदार सीक्रेट्स भी बताए। इस शो में सुनील ग्रोवर (एल्हग्त् उेदने) की कॉमेडी भी देखने को मिल रही है। सुनील और कपिल पूरे 7 साल बाद साथ में कॉमेडी करते नजर आ रहे हैं। सुनील ग्रोवर की वापसी हो और ओपनिंग एपिसोड में वो अपने एक्ट से लोगों को गुदगुदाएं न, ऐसा तो हो नहीं सकता। रणबीर कपूर के साथ सुनील ग्रोवर ने 'एनिमल' फिल्म का वो सीन रीक्रिएट किया, जिस पर कंट्रोवर्सी भी हुई थी कॉमिक अंदाज में रणबीर के तृप्ति के साथ के फिल्म के हर रोमांटिक सीन को रीक्रिएट किया। सबसे पहले तो 'डफली' यानी कि सुनील ग्रोवर ने नाराजगी जताई कि रणबीर ने उन्हें छोड़ आलिया भट्ट (र्त्ग्ॅ) से शादी कर ली। इसके बाद फिल्म के रोमांटिक मोमेंट्स को रीक्रिएट किया। 'एनिमल' फिल्म के गोल्फ कार्ट से लेकर दादाजी के बंगले पर जाकर इंटीमेट होने वाले सीन तक, रणबीर और सुनील ने सारे सीन्स को दोहराया, लेकिन एक ट्विस्ट के साथ। इस फनी मोमेंट का हाइलाइटिंग प्वाइंट तो तब सारी लव बाइट्स दिखीं। उन्होंने प्लेकार्ड पहना हुआ था, जिस पर लिखा था 'भाभी 2 अल्ट्रा प्रो मैक्स।' ये देखते ही नीतू कपूर अपनी हंसी नहीं रोक पाईं।

# बेटी को सीने से लगाकर एयरपोर्ट पहुंचीं प्रियंका चोपड़ा निक जोनस का ये जेस्चर देख लोग बोले 'बेस्ट हसबैंड

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** प्रियंका चोपड़ा जब से अमेरिका में शिफ्ट हुई हैं, तब से फैंस उन्हें देश में न होना मिस करते हैं। सेलेब्स पार्टी और फेस्टिवल्स में प्रियंका की गैर-मौजूदगी उनके चाहने वालों को खूब खलती है। हाल ही में, अभिनेत्री ने सालों बाद भारत में होली सेलिब्रेट की, वो भी बेटी के जन्म के बाद पहली बार। प्रियंका चोपड़ा अपने पति निक जोनस और बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस के साथ मुंबई से रवाना हो गई हैं। कई दिन देश में बिताने के बाद आखिरकार प्रियंका अपनी फैमिली के साथ अमेरिका गईं। सोशल मीडिया पर प्रियंका निक और उनकी बेटी का एयरपोर्ट से वीडियो वायरल हो रहा है। प्रियंका और निक के जेस्चर ने लोगों का दिल जीत लिया। प्रियंका चोपड़ा पिछले काफी समय से सुर्खियों में हैं। कुछ दिन पहले वह अपनी बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस के साथ ईशा अंबानी की होली पार्टी का हिस्सा बनने के लिए मुंबई आई थीं। बाद में अभिनेत्री के पति और




सिंगर निक जोनस ने भी अपनी पतने और बेटी को ज्वॉइन किया। पति और बेटी के साथ अयोध्या के राम मंदिर में दर्शन करने से लेकर फैमिली संग होली सेलिब्रेशन और मनारा चोपड़ा की बर्थडे पार्टी में चार-चांद लगाने तक, प्रियंका चोपड़ा ने खूब लाइमलाइट बटोरी। अब अभिनेत्री ने अमेरिका वापस चली गई है।30 मार्च की रात को प्रियंका चोपड़ा अपने पति निक जोनस और बेटी मालती के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट हुईं। अभिनेत्री अपनी दो साल की लाडली मालती को सीने से लगाए दिखीं। वहीं, हाथ में बेटी का टॉय और गले में बैग टांगे हैंडसम निक भी अपनी लेडी लव की केयर करते हुए दिखाई दिए। प्रियंका चोपड़ा ने बेज कलर का को-ऑर्ड सेट पहना था और खुले बाल व चश्मे से अपना एयरपोर्ट लुक पूरा किया था। दूसरी ओर निक ग्रीन लोअर और ब्लैक टी-शर्ट में कूल लग रहे थे। मालती प्रिंटेड ड्रेस में नजर आई। सोशल मीडिया पर प्रियंका और निक का एयरपोर्ट से वीडियो सामने आया है। लोगों ने उनकी केमिस्ट्री को खूब पसंद किया है।

# 'मैदान' के बाद अजय देवगन के हाथ लगी एक और बायोपिक, इस शख्स की कहानी बताएंगे एक्टर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मुंबई।** साल 2024 अजय देवगन के लिए बेहतरीन होने वाला है। इस साल उनकी कई मूवी रिलीज होने वाली हैं। इसी में से एक है 'मैदान'। फिल्म मैदान एक बायोपिक है, जिसमें अभिनेता फुटबॉल के आर्किटेक्ट कहे जाने वाले सैयद अब्दुल रहीम का किरदार निभा रहे हैं। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म मैदान को लेकर सुखियों में बने हुए हैं। उनकी यह फिल्म एक बायोपिक है जो जल्द ही रिलीज होने वाली है। अब ऐसा बताया जा रहा है कि मैदान के बाद अभिनेता के हाथ एक और स्पोर्ट्स बायोपिक लगी है। इस फिल्म में वह क्रिकेटर बालू की भूमिका निभा सकते हैं। इस फिल्म के बाद अजय एक और स्पोर्ट्स बायोपिक में काम करते हुए नजर आ सकते हैं। हालांकि, इसकी अभी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है और न ही फिल्म के लिए अभी निर्देशक का चयन हुआ है। कुछ नायकों की उपलब्धियां कई बार इतिहास में दबकर रह जाती हैं। क्रिकेटर पालवंकर बालू भी उन्हीं में शामिल हैं। साल 2002 में आई पुस्तक 'ए कार्नर आफ ए फारेन फील्ड : द इंडियन हिस्ट्री आफ अ ब्रिटिश स्पोर्ट' में इतिहासकार रामचंद्र गुहा ने दलित समाज से आने वाले देश के पहले क्रिकेटर बालू पर प्रकाश डाला था। अब निर्माता अजय देवगन, तिग्मांशु धूलिया और प्रीति विनय सिन्हा इस खिलाड़ी पर फिल्म बनाने की तैयारी में है, जिन्होंने जातिगत भेदभाव पर विजय पाकर मैदान पर अपनी सही जगह हासिल की थी। पुणे में क्रिकेट क्लब में ग्राउंड्समैन ( मैदान की देखभाल करने वाला) के रूप में शुरुआत करने वाले बालू 1896 में बाम्बे (अब मुंबई ) आए और उन्हें हिंदू जिमखाना के लिए खेलने के लिए चुना गया। आज उन्हें दिग्गज भारतीय क्रिकेटरों में गिना जाता है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।